

16:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय खबर

हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 103 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, कृष्णपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

जीवन्तं मृतवन्मन्ये देहिनं धर्मवर्जितम्।

मृतो धर्मेण संयुक्तो दीर्घजीवी न संशयः॥

भावार्थ : चाणक्य कहते हैं कि मैं धर्म से रहित अधर्मी व्यक्ति को जीवित रहने पर भी मरे हुए के समान समझता हूं। जबकि धर्मयुक्त मनुष्य मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है, इस बात में किसी प्रकार का संदेह नहीं।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 26.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.09 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.27 बजे

## ले. जनरल करणबीर सिंह बराड़ ने संभाली कमान

**चेन्नई:** लेफ्टिनेंट जनरल करणबीर सिंह बराड़ ने शनिवार को दक्षिण भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) का पदभार संभाल लिया। जनरल बराड़ ने औपचारिक रूप से युद्ध स्मारक पर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। पिछले जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल ए अरुण, जिन्होंने जनवरी 2022 से सेवा की है, चीफ ऑफ स्टाफ साउथ वेस्टर्न कमांड, जयपुर के रूप में शामिल हो रहे हैं। जनरल बराड़ ने अभी तक के अपने कार्यकाल में उत्तर पूर्व, जम्मू-कश्मीर, रेगिस्तान और मैदानों सहित देश के लगभग सभी मश्किल स्थानों पर काम किया है।

## सूडान की राजधानी खार्तूम में बढ़ा तनाव

**खार्तूम:** अफ्रीकी देश सूडान की राजधानी खार्तूम में कुख्यात अर्धसैनिक बल और सेना के बीच पिछले दिनों बढ़े तनाव के बाद गोलीबारी और विस्फोट की अवाजें सुनी गयीं हैं। शहर के केंद्र में सेना के मुख्यालय के करीब गोलियों की आवाज सुनी गयीं है। पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) का कहना है कि उसने हवाईअड्डे पर नियंत्रण कर लिया है। इससे पहले उसने कहा था कि खार्तूम के दक्षिण में उसके एक शिविर पर हमला किया गया था। सेना ने कहा है कि आरएसएफ के लड़ाके सैन्य मुख्यालय पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रिपोर्ट में सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नबील अब्दुल्ला के हवाले से कहा, रैपिड सपोर्ट फोर्स के लड़ाकों ने खार्तूम और सूडान के आसपास के कई सैन्य शिविरों पर हमला किया।संघर्ष जारी है और सेना देश की सुरक्षा के लिए अपना कर्तव्य निभा रही है।

## चांगलांग को प्रधानमंत्री पुरस्कार

**ईटानगर:** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले को नवाचार-जिला श्रेणी में अपनी पहल न्यू एज लर्निंग सेंटर के लिए लोक प्रशासन-2022 में उत्कृष्टता हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अरुणाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस पर यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य का जिला चयनित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए ट्वीट कर कहा, नवाचार के माध्यम से लोक प्रशासन में एक ऐतिहासिक क्षण बनाने के लिए जिला चांगलांग टीम को बधाई।

## स्टालिन ने की अंबेडकर की प्रतिमा के लिए सराहना

**चेन्नई:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 125 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को शनिवार को बधाई दी और प्रतिमा को विस्मयकारी बताया। श्री स्टालिन ने एक ट्वीट में कहा, बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर उनकी 125 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने के लिए तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री को बधाई। उन्होंने कहा, बुद्ध प्रतिमा और तेलंगाना सचिवालय के बीच समानता के विशाल प्रतीक के रूप में अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का विचार उपयुक्त और विस्मयकारी है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**प्रतिक्रिया** सीबीआई द्वारा केजरीवाल को बुलाये जाने पर आम आदमी पार्टी का हंगामा

# सीबीआई-ईडी उन्हें डरा नहीं सकती : आप

- मुख्यमंत्री मान सहित कई लोगों की राय
- क्रांति जब दबाया गया वह और उभरा है
- जनता के लिए उम्मीद की नई किरण हैं वह

राष्ट्रीय खबर



**केंद्र सरकार केजरीवाल की आवाज दबाना चाहती है: आतिशी**

नयी दिल्ली: आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नाकामियों और उनके दोस्तों के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले एकमात्र नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, इसलिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो( सीबीआई) का दुरुपयोग करके उनकी आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। सुश्री आतिशी ने संवाददाताओं से आज कहा, सीबीआई ने श्री केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया है। वह मुख्यमंत्री को सिर्फ़ इसलिए बुला रही है क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नाकामी को पूरे देश के सामने रखा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार की जांच एजेंसी अरविंद केजरीवाल को इसलिए बुला रही है क्योंकि वह श्री केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री देश में एक एकमात्र ऐसे नेता है जो श्री मोदी की नाकामियों और उनके दोस्तों के भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज़ उठाते रहे है। उन्होंने कहा, श्री मोदी जिस वादे को लेकर सत्ता में आये थे वह सारे वादे खोखले साबित हुए। वहीं श्री केजरीवाल ने केंद्र सरकार की इन नाकामियों को देश के सामने रखा कि मोदी सरकार आने के बाद महंगाई दर लगातार बढ़ती गई और इससे आज देश का हर आम आदमी परेशान है। देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है और यह सब मोदी जी के राज की नाकामी है। सुश्री आतिशी ने कहा कि पिछले छह सालों में पेट्रोल की कीमत 100 फ़ीसदी बढ़ी है। पूरे देश में स्वास्थ्य व्यवस्था का बेड़ा गर्क हो चुका है। अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं , आईसीयू में बेड नहीं है और बच्चों के लिए स्कूल नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश में युवाओं के लिए ना तो कॉलेज है और ना ही रोजगार है।आज पूरे देश के अंदर पांच करोड़ युवा बेरोजगार हैं और यह सब देश को पिछले 10 वर्षों की श्री मोदी की देन है।

**चंडीगढ़:** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर आप नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुख्यमंत्री भगवंत मान, कई कैबिनेट मंत्री और विधायकों ने इसे केंद्र सरकार का तानाशाही भरा फैसला बताया और कहा कि श्री केजरीवाल क्रांतिकारी नेता हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उन्हें झुका नहीं सकती। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट कर कहा, अरविंद केजरीवाल जी की आवाज को दबाना बहुत मुश्किल है। सत्य बोलने वाले लोगों के दिल में जगह बनाते हैं। उन्हें लोगों के दिलों से कोई किसी को डिलीट नहीं कर सकता। हम चट्टान की तरह उनके साथ खड़े हैं। इंकलाब जिंदाबाद। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने अडानी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठजोड़ साबित किया, इसलिए सीबीआई उनके पीछे पड़ गई है। हमारे नेता बहादुर हैं। केजरीवाल जी को इस तरह की चालों से चुप नहीं कराया जा सकता। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने कहा, बाबासाहेब की सोच पर चलने वाले और ईमानदार राजनीति के नायक अरविंद केजरीवाल जी को सीबीआई के समन के जरिए डराने-धमकाने से केंद्र सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उठाए जा रहे क्रांतिकारी कदमों को नहीं रोक सकती। स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने कहा, मुझे वह समय स्पष्ट रूप से याद है जब अरविंद केजरीवाल आए और राजनीतिक प्रतिष्ठान को हिला दिया। भारत की राजनीतिक प्रणाली के बारे में पूरी तरह से निराशा और अविश्वास था। वह सभी भारतीयों के लिए उम्मीद लेकर आए। आप जितना उन्हें दबाने की कोशिश करेंगे, वह उतना ही ऊपर उठेंगे। मंत्री अनमोल गगन मान ने कहा, अरविंद केजरीवाल को रोकने की भाजपा सरकार की कोशिशें कामयाब नहीं होंगी। एक तुच्छ मामले में सीबीआई का समन उनकी अटूट भावना को नहीं डिगाएगा। अरविंद केजरीवाल ने अपना जीवन भारत के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। वह एक सच्चे नेता हैं जिन्हें चुप नहीं कराया जा सकता या रोका नहीं जा सकता। केंद्र सरकार द्वारा अरविंद

» पेज 2 भी देखें

पानी के अंदर किसी तीर की तरह मेरी तरफ भागा चला आया

# मेरे शरीर का आधा हिस्सा उसके मुंह में था



- गाइड बनकर लोगों के साथ गये थे
- हिप्पो के एक झूंड के करीब चले गये
- शायद पसंद नहीं आया इसलिए उगल दिया

राष्ट्रीय खबर

**लंदनः** पॉल टेम्पलर अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जी रहे थे। वह 28 वर्ष के हैं और फोटोग्राफिक सफारी पर ध्यान देने के साथ अपने मूल जिम्बाब्वे में पर्यटन आयोजित कर रहा है। इस बीच वह कुछ वर्षों तक दूर भी रहे जिसमें ब्रिटिश सेना में एक कार्यकाल भी शामिल था। वह अपने जीवन के उस घटना को याद कर अब भी रोमांचित हो जाते हैं जब जम्बेजी नदी में एक हिप्पो ने उन्हें लगभग निगल लिया था। वह बताते हैं कि दरअसल वह अपने एक बीमार दोस्त के बदले कैनो सफारी का नेतृत्व करने के लिए तैयार हुए थे। उसके दोस्त को मलेरिया हो गया था। जम्बेजी नदी का यह एक ऐसा क्षेत्र था जिसे वह बहुत अच्छी तह जानते थे। इस अभियान में छह सफारी ग्राहक (चार एयर फ़्रांस चालक दल के सदस्य और जर्मनी से एक युगल), तीन प्रशिक्षु गाइड और टेंपलर शामिल थे। उनके पास तीन डोंगी थीं - पहली दो सीटों पर ग्राहक और पीछे एक गाइड। तब एक प्रशिक्षु गाइड एक-व्यक्ति सुरक्षा कश्ती में था। सफारी में सारी चीजें वैसी ही चल रही थीं जैसा उन्हें जाना चाहिए था। सभी का समय काफी अच्छा बीत रहा था। आखिरकार, वे लगभग एक दर्जन हिप्पो के एक दल के करीब आ गये। अफ्रीका की चौथी सबसे लंबी नदी जम्बेजी पर यह अप्रत्याशित नहीं है। वे सुरक्षित दूरी पर होने के कारण पहले तो चिंतित नहीं हुए। टेम्पलर ने कहा कि हिप्पो के झूंड के करीब जाने से मैं बचना चाहता था। मैं चाह रहा था कि सारे लोग सुरक्षित दूरी से चारों तरफ से घूमकर आगे निकल लें। टेंपलर के डोंगी ने रास्ता दिखाया, अन्य दो डोंगी और कश्ती के साथ। वह दूसरों का इंतजार कर रहे एक छोटे से चैनल में चला गया।

» पेज 2 भी देखें

भाजपा के लिए बैटिंग करते फिर पकड़े गये उप राज्यपाल सक्सेना

# अंतिम क्षण में बिजली की फाइल को स्वीकृति दी

- ऊर्जा मंत्री आतिशी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा
- विधानसभा में पारित हुआ है इसका बजट
- जनता की परेशानी का बहस फिर चर्चा में

राष्ट्रीय खबर



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी को लेकर आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बीच आज फिर से खींचतान शुरू हो गई। जबकि बिजली मंत्री आतिशी ने पहले दिन में घोषणा की थी कि शुक्रवार से सब्सिडी बंद कर दी जाएगी, क्योंकि उपराज्यपाल ने इसे बढ़ाने के लिए फाइल को अभी तक मंजूरी नहीं दी है, इस घोषणा के बाद जब बहस तेज होने लगी तो उप राज्यपाल के कार्यालय ने कहा कि फाइल पर कल ही हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इसके बीच ही यह बहस प्रारंभ हो चुकी थी कि सब कुछ ठीक होने के बाद भी उप राज्यपाल ने इतनी जरूरी फाइल को अपने पास इतने दिनों तक क्यों रखा था। उपराज्यपाल द्वारा भाजपा के लिए बैटिंग करने की चर्चा इसलिए हो रही है कि उनके हर फैसले के साथ भाजपा का हित अथवा दिल्ली सरकार का अहित जुड़ा हुआ पाया जा रहा है। वैसे इसी किस्म के एक फैसले से दिल्ली में दस पार्षदों के मनोनयन पर सुप्रीम कोर्ट ने उनसे कारण बताने को भी कहा है। इसी वजह से दिल्ली के मेयर के चुनाव में लगातार हंगामा होता रहा है। दूसरी तरफ राज्य सरकार की तरफ से होने वाली जांच में दिल्ली नगर निगम में पूर्व में हुए घपले भी अब सामने आते नजर आ रहे हैं।

इससे पहले दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में

» पेज 2 भी देखें

# संबलपुर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू



**भुवनेश्वर:** ओडिशा में हनुमान जयंती समारोह के दौरान दो समूहों के बीच हिंसा की खबरों के बाद जिला प्रशासन ने संबलपुर शहर के छह पुलिस थानों की सीमा में शुक्रवार रात अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुनील कुमार बंसल ने चेतावनी दी है कि हिंसा भड़काने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती समारोह के दौरान कल रात कुछ अप्रिय घटनाओं की सूचना मिलने के बाद शहर के संवेदनशील इलाकों में और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। डीजीपी ने कहा कि फिलहाल, संबलपुर में स्थिति शांतिपूर्ण है। संबलपुर कस्बे में शुक्रवार की रात उपद्रवियों द्वारा कुछ दुकानों में तोड़फोड़ और आग लगाने के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। ओडिशा के पश्चिमी शहर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 (1) के तहत कर्फ्यू लगाया गया है। फिलहाल, कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्रों के निवासियों को अपने घरों से बाहर नहीं निकलने के लिए कहा गया। निवासियों के लिए आवशयक वस्तुओं को खरीदने के लिए कर्फ्यू में सुबह आठ बजे से 10 बजे और दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक छूट दी गयी है। राज्य सरकार ने भी हिंसा प्रभावित संबलपुर शहर में 17 अप्रैल की सुबह 10 बजे तक कस्बे में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को 48 घंटे और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने कर्फ्यू अवधि के दौरान लोगों की चिकित्सा आपात स्थिति के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किए थे।

बिहार के मोतिहारी में अवैध शराब से बीस की मौत, 6 अस्पताल में भर्ती

# शराबबंदी का सरकार का दावा फिर गलत साबित

- भाजपा बार बार मुख्यमंत्री के घेरती रही है
- किसी टंकी में भरकर लायी गयी थी यह शराब
- महिलाओं का नीतीश को समर्थन की वजह यही

राष्ट्रीय खबर



**कोई शराब पीएगा तो मरेगा-उदाहरण हमारे सामने है : नीतीश कुमार**

सारण में हुई मौतों के बाद बिहार विधानसभा में राजनीतिक गतिरोध के बीच, एक नाराज नीतीश कुमार ने अपना आपा खो दिया था और राज्य में शराबबंदी को लेकर सरकार पर निशाना साधने वाले विपक्षी विधायकों पर भड़क गए थे। नीतीश कुमार ने कहा था, कोई शराब पीएगा तो मरेगा-उदाहरण हमारे सामने है। इस पर शोक करना चाहिए, उन जगहों पर जाना चाहिए और लोगों को समझाना चाहिए। नकली शराब - अन्य राज्यों में भी। लोगों को सतर्क रहना चाहिए। चूंकि यहां शराबबंदी है तो कुछ न कुछ नकली बिकेगा, जिससे लोगों की मौत हो जाती है। शराब खराब है और इसका सेवन नहीं करना चाहिए, उन्होंने राज्य विधानसभा में कहा। इसकी आलोचना होने के बाद भी राजनीति के जानकार मानते हैं कि ग्रामीण स्तर पर खास तौर से महिलाओं को नीतीश कुमार का समर्थन इसी एक फैसले की वजह से मिलता आ रहा है।

**पटनाः** बिहार में शुक्रवार रात अवैध शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि आधा दर्जन लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। त्रासदी, 2016 के बाद से ऐसी मौतों की श्रृंखला में नवीनतम, जब बिहार सरकार ने राज्य में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य की राजधानी पटना से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में मोतिहारी के लक्ष्मीपुर, पहाड़पुर और हरसिद्धि ब्लॉक से इस

» पेज 2 भी देखें

**संरचना** खगोल विज्ञान के उन्नत होने से दिख रहे हैं नये नये नजारे

# सूर्य मे प्लाजमा बारिश का नया दृश्य दिखा

- आकार में पृथ्वी से बहुत बड़ा था यह
- अंतरिक्ष में हलचल पैदा करती है घटनाएं
- अभी सूर्य का हाल कुछ ठीक नहीं चल रहा है

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** सूर्य में प्लाज्मा किरणों की बारिश की जानकारी तो पहले ही हो गयी थी। पहले भी सूर्य की जांच के लिए भेजे गये सोलर प्रोब ने उसके करीब से गुजरते हुए इस प्लाज्मा किरणों की बारिश के दृश्य को कैद किया था। इस बार फिर से वैसे ही आंकड़े मिले हैं। इसके आधार पर एक एस्ट्रोफोटोग्राफर ने एक ऐसी संरचना को कैप्चर किया जो सूर्य पर प्लाज्मा जलप्रपात की तरह दिखती थी। वैसे प्लाज्मा किरणों की बारिश का अर्थ सूर्य की सतह से लाखों मील की ऊंचाई तक इन किरणों का उछल जाना और फिर बारिश की तरह दोबारा सूर्य की सतह पर गिरना ही है। इस बार जिस संरचना को देखने का दावा किया गया है, वह आकार में पृथ्वी से आठ गुणा अधिक है। माना जाता है कि यह संरचना लगभग 60,000 मील लंबी है। यह आश्चर्यजनक सौर घटनाओं की एक श्रृंखला में नवीनतम है क्योंकि हमारा सूर्य

» पेज 2 भी देखें

**यह शानदार सौर घटनाओं की एक कड़ी का नवीनतम है**

वैज्ञानिकों के मुताबिक सूर्य पर उभार आमतौर पर गर्म प्लाज्मा के विशाल तंबूओं का रूप ले लेते हैं, जो एक बड़े चाप में अंतरिक्ष की ओर बढ़ते हैं, जैसा कि नीचे देखा जा सकता है। लेकिन जब ये प्रमुखताएं सूर्य के ध्रुवों के पास होती हैं, विशेष रूप से ध्रुवीय वृत्त के आसपास, तो चुंबकीय क्षेत्र इतने मजबूत होते हैं कि अंतरिक्ष की ओर फटने के बजाय, प्लाज्मा बहुत तेजी से वापस सूर्य की ओर जा सकता है। नासा ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, नॉर्दर्न लाइट्स के बजाय, सूरज के अंडाकार प्लाज्मा की डांसिंग शीट से भरे हुए हैं। आप इन संरचनाओं को नीचे ध्रुवीय वृत्त के चारों ओर पंक्तिबद्ध होते हुए देख सकते हैं। यह शानदार सौर घटनाओं की एक कड़ी का नवीनतम है जो हाल के महीनों में हुआ है क्योंकि हमारा सूर्य गतिविधि के चरम पर है। लगभग हर दशक में, सूर्य के चुंबकीय ध्रुव पलटते हैं, जो स्थानीय चुंबकीय क्षेत्रों के साथ तबाही मचाते हैं जो हमारे पूरे तारे में फूट रहे हैं। उस अवधि में उल्लेखनीय सौर घटनाएं होने की संभावना अधिक होती है। वैसे खगोल वैज्ञानिकों ने पहले ही बता दिया था कि सूर्य में लॉकडाउन की अवस्था होने के दौरान वहां अनेक अप्रत्याशित घटनाएं होती रहती है। इनका असर पृथ्वी के वायुमंडल और वातावरण तक पर पड़ता है।

अपना सारा सामान अपनी मां के घर पर भेज रहे हैं राहुल

# सरकारी बंगला खाली करने की तैयारी प्रारंभ

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्लीः** कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने अपने वायदे के मुताबिक सरकारी बंगला खाली करने का काम प्रारंभ कर दिया है। कल दो ट्रक उनके आवास के बाहर खड़े देखे गए थे। इन ट्रकों में उनके घर का सामान लादा गया और सामान को उनकी मां के 10, जनपथ स्थित आवास में स्थानांतरित कर दिया गया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने एक आपराधिक मानहानि मामले में अपनी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की अपील के परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना, 14 अप्रैल को अपने 12, तुगलक लेन बंगले से अपना सामान स्थानांतरित करना शुरू कर दिया। मानहानि के मामले में, श्री गांधी को 22 अप्रैल तक 12, तुगलक लेन परिसर खाली करने के लिए कहा गया था। कांग्रेस नेता 2004 में सांसद बनने के बाद से 19 साल से

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह यात्रा का समापन

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में 1950 किमी राज्यव्यापी कार्यक्रम जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के तहत 21 जिलों में कार्यक्रम संपन्न हो गया। आज अंतिम दिन खूंटी और सिमडेगा में जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया।मौके पर प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हमने इस सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता जाने या उनके आवास छीने जाने के विरोध में नहीं किया है, बल्कि आप सभी ने उन्हें कल सुना ही होगा की किस तरह से उन्होंने कहा कि हमारा यह संघर्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए सत्य की रक्षा के लिए है अगर इस बात के लिए दस बार भी उनकी सदस्यता चली जाती है फिर भी वो इस आवाज को बुलंद करते रहेंगे।

**अपील** पंकज मिश्रा की जान बचाने को लेकर

# बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन से लगायी गुहार

▶▶ सोशल मीडिया पर अपील भी की

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल ने नेता बाबूलाल मरांडी ने पंकज मिश्रा की जान बचाने की गुहार सीएम हेमंत सोरेन से लगायी है। सोशल मीडिया पर इसके लिए अपील भी की है। बाबूलाल के मुताबिकसाहिबगंज महाघोटाला मामले में ईडी केस में पंकज जेल में अभी बंद हैं। सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज के बारे में उनके करीबियों ने जानकारी दी है कि उनकी तबियत ज्यादा ही खराब है। उन्हें जो इलाज मिलना चाहिये, उसका अभाव दिख रहा है। ओवर डोज पेन कीलर लेने के चलते कुछ दिनों पहले से उनकी परेशानी काफी बढ़ गई थी। किसी की भी जान बचाना सबसे जरूरी है। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते यह भी कहा है कि पंकज को राज्य से बाहर किसी बड़े चिकित्सा संस्थान में ले जाया जाना चाहिये। जो भी जरुरी हो, बेहतर इलाज मुहैया कराने का इंतजाम किया जाए।
हेमंतजी को यह नहीं भूलना चाहिए कि आज पंकज उन्हीं के कहे मुताबिक गलत करने की सजा भुगत रहा है। ईश्वर न करे लेकिन अगर समुचित इलाज के अभाव में पंकज मिश्रा को कुछ भी हुआ तो हेमंतजी को भगवान भी माफ नहीं करेंगे। बाबूलाल ने ट्विटर के जरिये पंकज के इलाज के मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का भी ध्यान आकृष्ट कराया है।

## बाबूलाल मरांडी का आरोप, छवि रंजन ने कटवा दी सीएम की नाक



**रांची:** ईडी की कार्रवाई के बाद सरकार पर चौतरफा दबाव बनने लगा है। झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में एक अच्छा मैसेज देने की उम्मीद जतायी है। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि आईएएस छवि रंजन के रांची के डीसी रहते आपके सत्ता संरक्षण में जितने भी जमीन घोटाले हुए हैं, उसमें यह अफसर आपका साझेदार और राजदार भी है। सीएम को संबोधित करते हुए उन्होंने ट्वीट किया।बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि सेना जैसी संस्था की जमीन बेचवाने वाले इस अफसर को आप बिना विलंब कठोर दंड देकर देश-दुनिया को एक अच्छा मैसेज देने का काम करें। साथ ही उन्होंने यह भी लिखा है कि अगर आपकी संलिप्तता के आरोपों में दम है तो फिर आपका भगवान ही मालिक है। बाबूलाल मरांडी का कहना है कि यह मसला देश की सुरक्षा से संबंधित है। इसका हवाला देते हुए केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग से आईएएस छवि रंजन की संलिप्तता की अलग से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पीएमओ, रक्षा मंत्रालय, आईएएस एसोसिएशन और इनकम टैक्स को भी टैग किया है।

## लोबिन का तो मिल गया विकल्प, चमरा का विकल्प तलाशने में जुटा झामुमो

**रांची:** झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नाराज चल रहे विधायक लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा का विकल्प तलाशने में पार्टी के रणनीतिकार जुटे हैं। पार्टी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाया। भाजपा में उपेक्षित चल रहे अपने पूर्व दिग्गज संथाल नेता हेमलाल मुर्मू को पुन: झामुमो में वापसी करा कर लोबिन हेंब्रम को सीधा संदेश दे दिया गया कि पार्टी उनसे मान-मनव्वल के मूड में नहीं है। पार्टी ने उनका विकल्प चुन लिया है। अब भविष्य में लोबिन झामुमो छोड़ते हैं, तो झामुमो को कोई परेशानी नहीं होगी। लोबिन की जगह हेमलाल मुर्मू बोरियो सीट से विधानसभा के प्रत्याशी हो सकते हैं। पार्टी के रणनीतिकार अब बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा के मामले में भी यही रणनीति अपनायेंगे। समझा जाता है कि पार्टी चमरा लिंडा से भी मान-मनव्वल नहीं करेगी, बल्कि उनका विकल्प खड़ा करेगी। इसके प्रयास तेज हो गए हैं।कांग्रेस नेता शिव कुमार भगत बिशुनपुर में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरे हैं। गैर भाजपाई नेता के रूप में ये चमरा लिंडा को मजबूत टक्कर दे सकते हैं। शिव कुमार भगत 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यहां से चुनाव लड़ा था। कांग्रेस प्रत्याशी चमरा लिंडा को कड़ी टक्कर देकर दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद चमरा लिंडा झामुमो में शामिल हो गए और 2014 और 2019 में झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ कर विधायक बने। झामुमो इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहता है।

## पेज एक का शेष

### सीबीआई-ईडी उन्हें .. ..

केजरीवाल पर लगातार हमले उनके डर का स्पष्ट संकेत हैं। जनता के चैंपियन और नरेन्द्र मोदी को मुख्य चुनौती देने वाले केजरीवाल करोड़ों भारतीयों के दिलों में बसते हैं। अब समय आ गया है कि उनकी आवाज को दबाने के इन नापाक प्रयासों को रोका जाए। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, अरविंद केजरीवाल सिर्फ एक नाम नहीं है, वह एक क्रांति है, जिसे भारत देख रहा है! इतिहास गवाह है कि जब-जब क्रांतियों का दमन किया गया, वे उफान मारती रहीं और भी बड़ी होती गईं। मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा, अरविंद केजरीवाल में आम आदमी होते हुए भी सदियों पुरानी ताकतवर पार्टियों और सरकारों को चुनौती देने, लड़ने और गिराने की हिम्मत है। आज द हीरो ऑफ मिलियन्स को सिर्फ डराने या तोड़ने के लिए सीबीआई नोटिस दिया जा रहा है। साजिशकर्ता अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकते। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। मंत्री कुलदीप धालीवाल ने कहा, केंद्र सरकार की सीबीआई अरविंद केजरीवाल का कुछ नहीं बिगाड़ पायेगी। देश के करोड़ों बच्चों, गरीबों, माध्यम वर्ग, बुजुर्गों का आशीर्वाद उनके साथ है। इसके अलावा, मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, कैबिनेट मंत्री ब्रह्म शंकर जिंपा, कैबिनेट मंत्री डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर और कैबिनेट मंत्री डॉ बलजीत कौर और चेतन सिंह जोड़ा माजरा ने भी अरविंद केजरीवाल के समर्थन में ट्वीट किया।

### मेरे शरीर का आधा .. ..

लेकिन तीसरा डोंगी अचानक ही किसी हादसे का शिकार हो गया। उनके मुताबिक अचानक, यह एक बड़ा धमाका हुआ और डोंगी का पिछला हिस्सा हवा में उछल गया। उस पर सवार गाइड इवांस बाहर निकला। ग्राहक किसी तरह डोंगी में रहने में सफल रहे। वह बताते हैं कि एक सहयोगी को दूसरे यात्रियों की दूर ले जाने की हिदायत देकर टेंपलर ने इवांस को पाने के लिए अपनी डोंगी को घुमा दिया। वह याद करते हैं कि मै पैडल मार कर उसकी ओर बढ़ रहा था , मैंने देखा कि यह धनुष जैसी लहर मेरी ओर आ रही है। उनके मुताबिक अंतिम दृश्य किसी फिल्म के जैसा है। वह कहते हैं, मैं झुक रहा हूँ इवांस ऊपर पहुँच रहा है। हमारी उंगलियां लगभग छू गईं। और फिर हमारे बीच पानी ही फूट पड़ा। इतनी तेजी से हुआ कि मुझे कुछ दिखाई नहीं दिया। आगे जो हुआ वह दुःस्वप्न जैसा था और असली था। मेरी दुनिया अंधेरी और अजीब तरह से शांत हो गई। टेम्पलर ने कहा कि यह पता लगाने में कुछ सेकंड लगे कि क्या हो रहा है। कमर से नीचे, मैं पानी महसूस कर सकता था। मैं महसूस कर सकता था कि मैं नदी में गीला था। मेरी कमर से ऊपर, यह अलग था। मैं गर्म था, और यह नदी की तरह गीला नहीं था, लेकिन यह सूखा भी नहीं था। और यह मेरी पीठ के निचले हिस्से पर अविश्वसनीय दबाव था। मैंने घूमने की कोशिश की पर ऐसा नहीं कर सका। मुझे एहसास हुआ कि मेरे शरीर का आधा हिस्सा हिप्पो के मुंह के अंदर था। वह कहते हैं कि शायद मैं उसके गले के नीचे इतना फंस गया था कि यह असहज रहा होगा क्योंकि उसने मुझे उगल दिया था। तो मैं सतह पर आया ताजी हवा ली। इतने में मैं इवांस के साथ आमने-सामने आ गया। दोनों किसी तरह वहां से सकुशल बच निकले।

### अंतिम क्षण में बिजली .. ..

कहा, हम 46 लाख लोगों को जो सब्सिडी देते हैं, वह आज से बंद हो जाएगी। सोमवार से लोगों को बिना सब्सिडी के बढ़े हुए बिल मिलेंगे। सरकार ने आने वाले वर्ष में सब्सिडी जारी रखने के लिए बजट को मंजूरी दी। विभागी मंत्री के आरोपों को निराधार बताते हुए, श्री सक्सेना के कार्यालय ने आतिशी को अनावश्यक राजनीति से बचने की सलाह दी। आतिशी ने दावा किया कि उन्होंने बिजली सब्सिडी पर चर्चा करने के लिए श्री सक्सेना के साथ पांच मिनट का समय मांगा था, लेकिन अब 24 घंटे से अधिक समय में उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

### शराबबंदी का सरकार .. ..

अवैध शराब से मौत की रिपोर्ट आयी है। सूत्रों ने कहा कि नकली शराब से लदी एक टंकी को मोतिहारी लाया गया और स्थानीय व्यापारियों में बांट दिया गया, जिससे यह हादसा हुआ। मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है। पुलिस और प्रशासन ने अभी तक टिप्पणी करने से इनकार किया है। नकली शराब से बार-बार होने वाली मौतों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के निशाने पर रहे हैं। राज्य के सारण जिले में जहरीली शराब से 40 लोगों की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के बाद हाल ही में विपक्षी दल श्री कुमार से भिड़ गया था। रिपोर्ट में मौतों के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### सूर्य मे प्लाज्मा बारिश .. .. ..

गतिविधि के चरम पर है। इसे खगोल वैज्ञानिक सूर्य की सतह पर एक आश्चर्यजनक सौर झरना भी मान रहे हैं। वैसे सूर्य के हाल चाल पर ध्यान रखने वालों के मुताबिक वहां अभी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इन खूबसूरत संरचनाओं को देखने के लिए वैज्ञानिक न केवल सूर्य की ओर देखते हैं। सौर घटनाओं के साथ अंतरिक्ष का मौसम आता है, जो हमारे ग्रह के लिए हानिकारक हो सकता है। गत 9 मार्च को एस्ट्रोफोटोग्राफर एडुआर्डो शाबर्गर पोपेउ द्वारा एक तस्वीर ली गयी थी। इसमें प्लाज्मा की एक दीवार को लगभग 100,000 किमी या लगभग 62,000 मील अंतरिक्ष की ओर बिजली की तेजी से ऊपर जाते हुए देखा गया है। पोपेउ ने बताया कि यह आकार आठ पृथ्वी को निगलने के लिए काफी अधिक है। ऐसा लगता है कि प्लाज्मा फिर से सूर्य की ओर नीचे जा रहा है, संरचना को इसका झरना उपनाम दिया गया है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि प्लाज्मा जबरदस्त गति से नीचे गिर रहा है। इसकी गति का अनुमान 22,370 मील प्रति घंटे तक लगायी गयी है।

### सरकारी बंगला खाली .. ..

12, तुगलक लेन बंगले पर कब्जा कर रहे हैं। श्री गांधी अपनी सजा पर रोक और लोक की बहाली के रूप में चल रही कानूनी प्रक्रिया का हवाला देते हुए विस्तार के लिए आवेदन कर सकते थे। सभा की सदस्यता उसे इसका हकदार बनाएगी। हालांकि, 27 मार्च को अपने निष्कासन नोटिस का जवाब देते हुए, श्री गांधी ने कहा था कि वह अपना परिसर खाली कर देंगे। 12 तुगलक लेन में मेरे आवास को रद्द करने के संबंध में आपके 27 मार्च, 2023 के पत्र के लिए धन्यवाद। पिछले चार कार्यकालों में लोकसभा के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में, यह लोगों का जनादेश है, जिसके लिए मैं यहां बिताए अपने समय की सुखद यादों का ऋणी हूं।

---

मदरसा से निकलते हैं उग्रवादी और आतंकवादी

## भाजपा की सरकार बनी तो कराएंगे बंद

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मदरसा को लेकर एक बड़ा और विवादास्पद बयान दिया है। डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा है कि मदरसा से आतंकवादी और उग्रवादी निकलते हैं, मदरसा की पढ़ाई से कोई फायदा नहीं है। भाजपा की सरकार बनती है तो मदरसा को बंद कर एक नई शिक्षा नीति को लागू की जाएगी। मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों का सामान्य स्कूलों में नामांकन किया जाएगा।दरअसल, पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में एक मदरसा से एक व्यक्ति के पास से पुलिस ने एक हथियार बरामद किया था। इसी मामले को लेकर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बयान दिया है। डॉ शशिभूषण मेहता भाजपा के टिकट पर पांकी विधानसभा से चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि मदरसा जैसे जगह से हथियार मिलता है, मदरसा पढ़ाई की जगह है लेकिन वहां हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि मदरसा के पढ़ाई से कोई अधिकारी नहीं बनता है। सरकार को इसे अविलंब बंद करना चाहिए और वहां पढ़ने वाले बच्चों को सीबीएसई या आईसीएसई का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों को भी अच्छी शिक्षा की जरूरत है ताकि वह भी आईएएस, आईपीएस और अधिकारी बन सके।

पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह का दावा

## ऋण माफी के लिए सैकड़ों किसान लगा रहे बैंक का चक्कर



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पूर्व कृषि मंत्री और सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह ने कृषि विभाग पर हमला बोला है। उनके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि विभाग अपने कुल बजट का तरीके से अब तक उपयोग नहीं कर सका है। मात्र 55.69 प्रतिशत राशि ही विभाग खर्च कर सका है। बाकी पैसा सरेंडर करवा दिया गया। उन्होंने पूछा है कि आखिर इस स्थिति के लिए जिम्मेवार कौन है। उनके मुताबिक केसीसी ऋण माफी के लिए कृषि मंत्रालय ने जो बजट रखा था, वो बजट भी खर्च नहीं हो पाया है। ऋण माफी के लिए सैकड़ों किसान विभागीय पदाधिकारियों के कहने पर प्रज्ञा केंद्र गये। इसके लिए एक रुपए का टोकन कटवाया। अब वे ऋण माफी के लिए बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। समय पर बजट का पैसा खर्च नहीं होना काफी चिंता का विषय है।गौरतलब है कि पिछले दिनों झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार ने सदन में बताया था कि सरकार की मुख्य प्राथमिकता किसानों को ऋण से मुक्त कराना है। सूखा से राहत दिलाना और उनके आय में वृद्धि भी करना है। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से 4.5 लाख से अधिक किसानों के बीच 1 हजार सात सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की ऋण माफी की गयी। सुखाड़ राहत को प्रत्येक किसान परिवार को 3500 रुपये की दर से लगभग 13 लाख किसानों के खाते में 461 करोड़ रुपये अनुग्राहिक राशि ट्रांसफर की गयी। इन दोनों योजनाओं के लाभ से अब तक वंचित किसानों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में लाभान्वित किया जायेगा।इधर, राज्य के हजारों किसान धान बेचने के बाद से मायूस हैं। जानकारी के अनुसार, 30 हजार से अधिक किसानों ने राज्य सरकार क पास धान बेचे पर इसके लिए पेमेंट अब तक नहीं हुआ है। किसानों का राज्य सरकार पर 167 करोड़ बकाये की सूचना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों ने करीब 17 लाख क्विंटल धान राज्य सरकार को बेचा है जिसका पैसा अब तक नहीं मिल पाया है।

## अवैध रूप से लूटी गयी जमीनों पर कब्जा दिलाने पर विशेष जोर देगी सरकार



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्य सरकार ने एससी-एसटी को प्राइवेट कंपनियों में नौकरियां दिलाने में विशेष जोर दिए जाने की मंशा जतायी है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के द्वितीय केंद्रीय महासम्मेलन में शनिवार को शिवाजी मैदान, मेदिनीनगर में कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने इसका इशारा दिया। कहा कि राज्य की धरती में सभी प्रकार के खनिज पदार्थ हैं। उसकी लूट के लिए सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट में बदलाव के खिलाफ आदिवासियों ने लड़ाई लड़ी। राज्य सरकार ने आदिवासी परम्परा को बचाने का काम किया है। उसी अनुरूप योजनाएं बनाई। ग्राम वनों में हक को लेकर आवेदनों पर एक ही दिन में स्वीकृति दी गयी है। कई गांवों में ऐसा किया गया। वन पर आश्रित लोगों को वन पट्टा दिया जा रहा है। पलामू पिछड़ा हुआ जिला है। इसलिए यहां के एसटी,एससी, पिछड़ों की समस्या पर ध्यान दिया जाएगा। एसटी-एससी की अवैध रूप से लूटी गई जमीन वापस करायी जायेगी। निजी कंपनियों में भी एसटी-एससी को काम दिलाने को विशेष प्रयास होगी। मौके पर मंत्री को आदिवासी महासभा ने एक मांग पत्र भी सौंपा। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मौके पर कहा कि झारखंड में विकास के नाम पर उपनिवेश बना दिया गया है। यहां खनिजों का दोहन किया जा रहा है। धर्म के नाम पर आदिवासियों को लड़ाया जा रहा है। जेपी मिंज ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आदिवासियों की भाषा, संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। इसे खत्म करने की साजिश रची जा रही है। राज्य के खनिज संपदाओं के ऊपर कारपोरेट की नजर है। सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है। पलामू में आदिवासी जमीन पर सामंतों का कब्जा है। वन अधिकार कानून के दावों का निपटारा धीमी गति से हो रहा है। मिंज के मुताबिक हमारे देवी-देवता संस्कृत नहीं जानते। फिर भी 116 पाहनों को बनारस ले जाकर पूजन विधि सिखाई जा रही है।

## जमीन घोटालों की जांच में तह तक जाये ईडी : बंधु तिर्की

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के सबसे ज्वलंत मुद्दे जमीन घोटाले की जांच में अपना हाथ डाला है, तो उसे जमीनी स्तर पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। दोषियों एवं इससे जुड़े अपराधी तत्वों को जल्द से जल्द पकड़ना चाहिए। तिर्की ने कहा कि ईडी को बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के पारदर्शिता के साथ अपनी जांच-पड़ताल करनी चाहिए।श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड के गठन के बाद इस प्रदेश में सबसे ज्यादा जमीन घोटाले ही हुए हैं। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों को ही भुगतना पड़ा है। यदि जमीन के मामले में हुए सभी घोटालों की तह तक जाया जाए तो अनेक सफेदपोशों पर उसकी छाया पड़ेगी। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बिना किसी पूर्वाग्रह के पारदर्शिता के साथ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। विशेष रूप से छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) के उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सभी दोषियों को पकड़ा जाना चाहिए। चाहे वह किसी भी पद पर बैठे हुए हों। कांग्रेस नेता ने भरोसा जताया कि जमीन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही पूरी तरीके से निष्पक्षता के साथ होगी और उसका सकारात्मक परिणाम भी जल्द ही नजर आयेगा।

**ज्ञापन** बीजेपी का प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन भी सौंपा

# बीजेपी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से की सचिवालय घेराव कार्यक्रम की न्यायिक जांच कराने की मांग

▶▶ 11 अप्रैल को रांची में पार्टी की ओर से सचिवालय घेराव कार्यक्रम को बाधित करने का काम राज्य सरकार ने किया



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सचिवालय घेराव कार्यक्रम की न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया है। इस संबंध में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उनसे मिलकर ज्ञापन भी सौंपा। इसमें पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे। पार्टी ने राज्यपाल को जानकारी देते कहा कि 11 अप्रैल को रांची में पार्टी की ओर से सचिवालय घेराव कार्यक्रम को बाधित करने का काम राज्य सरकार ने किया। बावजूद इसके प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह से लोकतांत्रिक रहा। लोकतंत्र में सत्ता की विफलताओं नाकामियों को उजागर करना विपक्ष का धर्म है। इसका पालन लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा ने किया है। कार्यक्रम में शामिल हजारों भाजपा कार्यकताओं एवं आम जनता ने धैर्य एवं संयम का परिचय दिया। कहीं भी कोई तोड़-फोड़, हिंसा नहीं की। ऐसे में पुलिसिया धौंस, फर्जी मुकदमों, संगीन अपराध की कानूनी धाराओं के आधार पर हेमंत सरकार अपने कुकृत्यों पर पर्दा डालना चाहती है। पार्टी ने आग्रह करते कहा कि 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुई पुलिसिया कार्रवाई, लाठीचार्ज, नेताओं, कार्यकताओं पर हुए फर्जी मुकदमों की न्यायिक जांच कराई जाये। दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दें।भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार हेमंत सरकार की विफलताओं, नाकामियों को उजागर करती रही है। पार्टी ने राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं के अनुरूप हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों, वादा खिलाफी को सड़क से सदन तक लगातार उजागर किया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले आए दिन उजागर हो रहे हैं। राज्य के लिए शर्मनाक स्थिति यह है कि भ्रष्टाचार के मामले में स्वयं मुख्यमंत्री, उनके परिजन, सहयोगी के साथ कई वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता भी उजागर हुई है।राज्य सरकार की नियत में ही खोट है, यह सरकार राज्य का विकास नहीं करना चाहती बल्कि अपने परिजनों और चहेतों को केवल खनिज संसाधनों और राज्य के खजाने को लूटने की छूट देना चाहती है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है कि राज्य के अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदाय के बीच दूरियां बढ़ रही है। प्रदेश भाजपा ने कई सांगठनिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की नाकामियों एवम जन विरोधी नीतियों को उजागर किया है। पार्टी द्वारा राज्य के सभी 264 प्रखंडों एवं 24जिलों की सांगठनिक इकाइयों ने अपने-अपने प्रखंडों,जिलों में जोरदार प्रदर्शन आयोजित किए। इसके बाद पार्टी ने प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन की घोषणा की थी। 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव जब किया गया तो राज्य सरकार ने तानाशाही की और फर्जी मुकदमे किये। हिटलरशाही सोच की पराकाष्ठा कर दी है।

# पप्पू यादव ने किया आंदोलन का ऐलान, धरना से करेंगे शुरूआत

## शिक्षक नियमावली पर नीतीश सरकार से पुनर्विचार करने की मांग

**पप्पू यादव ने कहा- पुलवामा अटैक की सुप्रीम कोर्ट के जजों की समिति से कराई जाए जांच**

राष्ट्रीय खबर




**पटना :** जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) के सुप्रीमो पप्पू यादव ने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीन मुद्दों पर चरणबद्ध आंदोलन चलाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 2024 का लोकसभा चुनाव व कर्नाटक का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग करते हुए विपक्ष के नेताओं पर लगातार हमले करा रही हैं। ममता दीदी, स्टालिन, उद्धव ठाकरे, राहुल गांधी, राजद परिवार के बाद अब अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है। दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर जिसका राज होता है वही देश पर राज करता है। मोदी सरकार ने अरविंद केजरीवाल के मंत्री को जेल भिजवाया और अब अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है। ललित मोदी वैश्य हैं तो क्या अरविंद केजरीवाल वैश्य नहीं हैं? अमित शाह और मोदी को वैश्य क्यों नहीं पच रहे?

पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को डर है कि अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी अगर साथ हो गए तो हम दिल्ली में एक भी सीट नहीं जीत पाएंगे। राहुल को जिस ढंग से सजा करवाई गई वह अलोकतांत्रिक है। इस मुद्दे पर हमारी पार्टी आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

पप्पू यादव ने कहा कि दूसरा मुद्दा पुलवामा अटैक का मामला है। भाजपा नेता कह रहे है कि दोबारा पीएम बनने के लिए इतने सैनिकों की शहादत ली गई। सर्वोच्च न्यायालय के जजों की चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यों की समिति गठित कर पुलवामा अटैक की जांच होनी चाहिए। पुलवामा में आरडीएक्स कहां से आया? आतंकी कहां से आए, जिन्होंने इस कांड को अंजाम दिया? एक भी आतंकी नहीं पकड़ा गया। मोदी जी अपने ही पूर्व गवर्नर के द्वारा पुलवामा पर उठाए गए सवालों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के द्वारा इसकी जांच कराएं। आज तक क्यों इस मुद्दे पर कोई श्वेत पत्र तक नहीं लाया गया?

पप्पू यादव ने कहा कि तीसरा मुद्दा बिहार के 4 लाख नियोजित शिक्षकों के संबंध में है। शिक्षकों की नियुक्ति की नई नियमावली लाने से पहले राज्य सरकार को इन शिक्षकों के प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता करनी चाहिए थी। हम शिक्षक नियुक्ति नियमावली पर सरकार से पुनर्विचार करने की मांग करते हैं। शिक्षकों की परीक्षा लेने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। आज आईएएस से भी परीक्षा दिलवाई जाए तो वह भी एग्जाम पास नहीं कर सकते। रिटन एग्जाम ही लेना था तो पहले लिए होते। आज अगर शिक्षक फेल होते हैं तो उनके सम्मान को ठेस लगेगी, बिहार के सम्मान को ठेस लगेगी। अतः नीतीश सरकार शिक्षक नियोजन नियमावली पर पुनर्विचार करे।

आंदोलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि इसकी शुरूआत पटना में एक दिवसीय धरना से करेंगे। इसके बाद पूरे बिहार में उनकी पार्टी पुतला दहन करेगी। इस क्रम में तीसरे चरण में गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के समक्ष उपवास पर बैठेंगे। फिर पूरे बिहार में उपवास का कार्यक्रम होगा। उसके बाद पूरे बिहार में रेल रोकेंगे और उसके बाद बिहार बंद कराएंगे। अब यह आर या पार की लड़ाई होगी।

## उद्योग जगत के अनुकूल, नए दौर के पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्रामों के साथ पाएं सुनहरे अवसर

**पटना :** ग्रेजुएट छात्रों के लिए कौशल की कमी को दूर करने और उन्हें आज के दौर में उद्योग जगत के डिसरप्टिव, इनोवेटिव माहौल के लिए तैयार करने के प्रयास में पुणे के एजुकेशन हब एमआईटी-डब्ल्यूपीयू आधुनिक पोस्ट-ग्रेजुएट कोर्सेज लेकर आए हैं। प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद छात्र सुपरलेटिव टेक्नोलॉजी-उन्मुख ग्रूमिंग के साथ उद्योग जगत की चुनौतियों से निपटने में सक्षम जाएंगे। ये कोर्सेज रियल टाईम प्रॉबलम-सोल्विंग एवं क्रिटिकल थिंकिंग की क्षमता विकसित कर छात्रों को भावी लीडरों के रूप में तैयार करेंगे। साथ ही इन कोर्सेज को भारत की नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि युवा अपनी अधिकतम क्षमता का लाभ उठा सकें और भावी चुनौतियों से निपटने लिए तैयार हों। एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ने विभिन्न विषयों में पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्रामों की व्यापक रेंज पेश की है, इनमें डिजाइन, इंग्लिश और मीडिया स्टडीज से लेकर टेकनिकल विषय जैसे कम्प्यूटर साइंस, फिजिक्स और बायोलोजिकल एवं फार्मास्युटिकल साइंस तथा नए दौर के कोर्सेज जैसे डेटा साइंस तक शामिल हैं। एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ने बहु-आयामी दृष्टिकोण के साथ एनईपी 2020 को ध्यान में रखते हुए प्रोग्रामों की व्यापक रेंज को तैयार किया है।

## जहरीली शराब से हुई मौत का जिम्मेदार बिहार सरकार - पशुपति पारस



**पटना :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस ने मोतिहारी के पूर्वी चम्पारण के तुरकोलिया पहाड़पुर सुगौली, हरसिद्धि थाना क्षेत्र में जहरीली शराब से हुई 20 लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि जहरीली शराब से हुए मौत का महागठबन्धन सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। जहरीली शराब से लगभग 20 लोगों की मौत की पूर्ण जिम्मेवारी सरकार को लेनी चाहिये। आगे श्री पारस ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून पूरी तरह से फेल है। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस ने इससे पहले भी बिहार में विभिन्न जिलों में जहरीली शराब से हुई मौतों पर पहले भी कहा था कि बिहार में शराबबंदी कानून फेल है इससे राज्य कोष की प्रत्येक वर्ष घटा हो रहा है। इसलिए शराबबंदी कानून में संशोधन कर शराबबंदी कानून को सरकार को वापस लेना चाहिए लेकिन नीतीश कुमार की हठधर्मी रवैया के कारण अभी तक सरकार की तरफ से कोई भी ठोस कदम जनहित के लिए नहीं उठाया गया। आगे श्री पारस ने कहा कि बिहार में जहरीली शराब कांड में हुए लोगों की मौत पर परिजनों को भरण पोषण के लिए सरकार परिवार के एक लोग को सरकारी नौकरी एवं उचित मुआवजा दें। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जहरीली शराब पीने के कारण हुई मौत को लेकर पार्टी ने भारत के राष्ट्रपति एवं बिहार के राज्यपाल तथा गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था, कि बिहार में शराबबंदी कानून पूरी तरह से फेल हो चुका है। बिहार के लोगों को जान-माल की रक्षा के लिए राज्य सरकार शीघ्र शराबबंदी कानून में संशोधन करें। बिहार सरकार तथा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से शराबबंदी कानून फेल हो चुकी है।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले 5 प्रतिभागियों को किया जाएगा सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**गया :** पाक रमजान पर्व पर स्वयंसेवी संस्था गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर द्वारा मीर अबू सालेह रोड स्थित संस्थान के प्रधान कार्यालय पर शनिवार को छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने भाग लिया। गुलनार के संस्थापक-सचिव नीरज कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कारों के अलावा दो सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि परिणाम की घोषणा व पुरस्कारों का वितरण संस्थान के प्रधान कार्यालय पर 18 अप्रैल को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के सफल संयोजन में पूनम कुमारी, नंदनी कुमारी, पूनम कुमारी व अन्य अध्यापिकाओं की सराहनीय भागीदारी रही। बता दें कि गुलनार निशुल्क महिला सिलाई सेंटर की ओर से प्रत्येक वर्ष रमजान पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता एवं रक्षाबंधन पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

## मनाएं अक्षय तृतीया डी बीयर्स फॉरएवरमार्क आइकॉन कलेक्शन के साथ

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर, जो सौभाग्य और समृद्धि का जश्न मनाता है, डी बीयर्स फॉरएवरमार्क, अपनी असाधारण गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हीरे के आभूषणों का घर, प्रस्तुत करता है - फॉरएवरमार्क आइकन संग्रह।

इस त्योहारी समय के दौरान जब समृद्धि को चिन्हित करने के लिए कीमती वस्तुओं की खरीदारी की जाती है, तो फॉरएवरमार्क आइकॉनट्ठ संग्रह इस अवसर की प्रशंसा करने के लिए एकदम सही आभूषण सहायक है। यह कलेक्शन उस आइकॉनिक मोटिफ को श्रद्धांजलि देता है जो शुरूआत से ही ब्रांड के मूल में रहा है। मूल रूप से दक्षिण अफ्रीका के रात के आकाश में सितारों की सुंदरता और एक हीरे की रूपरेखा से प्रेरित, फॉरएवरमार्क आइकॉनट्ठ संग्रह को हीरे के आभूषणों की एक नई श्रृंखला में बदल दिया गया है। प्रत्येक टुकड़े को नाजुक सेटिंग्स और रूपांकनों के साथ तैयार किया गया है जो डी बीयर्स फॉरएवरमार्क हीरे की चमक से बढ़ाया जाता है जो प्रत्येक डिजाइन के केंद्र में सितारों की तरह चमकते हैं।

यह ज्वेलरी कलेक्शन उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो अपने आप में स्टाइल की अनूठी समझ रखते हैं। 62 उत्तम पीस के साथ, इस कलेक्शन में झुमके, आकर्षक कफलिंक, असममित चूड़ियाँ, अंगूठियाँ और पेंडेंट शामिल हैं, जो सभी 18 कैरेट येलो, व्हाइट और रोज गोल्ड से तैयार किए गए हैं। संग्रह में अलंकृत ओपनवर्क, रंगीन तामचीनी अनुप्रयोग, पेवे सेट हीरे और विभिन्न हीरे के आकार शामिल हैं। फॉरएवरमार्क आइकॉनट्ठ संग्रह एक समकालीन और सरल आभूषण संग्रह है जिसे अपने दम पर पहना जा सकता है या बोल्ड और परिष्कृत स्टेटमेंट बनाने के लिए अन्य पसंदीदा टुकड़ों के साथ स्टैक्ड और लेयर किया जा सकता है। प्रत्येक पीस को हर दिन पहनने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन्हें इस शुभ अवसर पर किसी प्रियजन के लिए सही उपहार बनाता है।

इस अवसर पर बोलते हुए, डी बीयर्स फॉरएवरमार्क इंडिया के उपाध्यक्ष, अमित प्रतिहारी ने कहा, अक्षय तृतीया भारत में एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है, और हम अपने ग्राहकों को इस शुभ अवसर को क्लासिक फॉरएवरमार्क आइकनट्ठ के साथ चिह्नित करने का अवसर प्रदान करने के लिए रोमांचित हैं। संग्रह में प्रत्येक टुकड़े को अत्यधिक देखभाल के साथ तैयार किया गया है और इसमें हीरे शामिल हैं जिन्हें उनकी सुंदरता और दुर्लभता के लिए चुना गया है। हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इन टुकड़ों के कालातीत लालित्य की सराहना करेंगे, जिन्हें जीवन भर के लिए तैयार किया गया है। जिम्मेदार सोर्सिंग के लिए डी बीयर्स फॉरएवरमार्क की प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक हीरा नैतिक रूप से और स्थायी रूप से सोर्स किया गया हो।

## समृद्ध समाज की स्थापना के लिए बाबा साहब के बिचारों को आत्मसार करें : संतोष सुमन

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन की गरिमामय उपस्थिति में आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती समारोह पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी जी के आवास पर धूमधाम से मनाई गई।

डॉ० संतोष कुमार सुमन ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि हम संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को मानने वाले हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को मानकर ही, हम राष्ट्र को समृद्ध कर सकते हैं । बाबा साहब के सूत्र ₹शिक्षित बनो! संगठित रहो! संघर्ष करो !₹ को अपनाकर ही हम एक समृद्ध राष्ट्र और समाज की स्थापना कर सकते हैं । आज शिक्षा का महत्व पूरी दुनिया ने समझा है, इसकी महत्ता को हम सबों को भी मिलकर समाज के सबसे निचले पायदान तक हर हाल में पहुंचाना होगा और शवों को शिक्षित करना होगा तभी जाकर हम बाबा साहब के सपनों को साकार कर सकेंगें।

राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने कहा कि हम बाबा साहब का जो सपना था राष्ट्रपति का बेटा हो या भंगी का संतान सबको शिक्षा एक समान उसको लागू करना हमारी पार्टी की प्राथमिकता होगा, तभी हम समरस समाज की एक जो परिकल्पना है उसको स्थापित कर पाएंगे।

बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी ने कहा कि हमारी पार्टी गरीबों की पार्टी है । हमारी पार्टी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विचारों को मानने वाली पार्टी है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर हर समाज के दबे कुचले लोगों को आगे बढ़ाना चाहते थे जिसका उल्लेख उनके संविधान में भी देखने को मिलता है। हमारी पार्टी पूरे प्रदेश में उनके विचारों को पहुंचाने का काम करेगी और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का काम करेगी।

इस अवसर पर संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी वर्मा, अनुशासन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएल वैश्यन्त्री, राजेश निराला, रुकमणी देवी, प्रभा कुमारी आदि हम पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमनअर्पित किया।

## एलेन ने पीजी मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुपरएप्प लॉन्च किया

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** पूरे भारत में मेडिकल कोचिंग में अग्रणी, एलेन ने पीजी मेडिकल छात्रों को एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म एलेन नेक्सटी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप पर कई अनूठी विशेषताएं और संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे परीक्षा की तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध अन्य प्लेटफार्मों से अलग करते हैं।

एलेन नेक्स्ट वर्टिकल के पूर्णकालिक कार्यकारी, अमन माहेश्वरी ने कहा, एलेन नेक्स्ट ऐप के साथ हमारा लक्ष्य मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रक्रिया को छात्रों के लिए सरल और अधिक सुलभ बनाना है, चाहे उनकी व्यस्तता कितनी भी हो। हमारा उद्देश्य एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए पूरा रोडमैप प्रदान करके पीजी मेडिकल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।



इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि पीजी मेडिकल छात्र का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है। परीक्षा की तैयारी के चुनौतीपूर्ण कार्य का व्यस्त इंटर्नशिप शेड्यूल के साथ संतुलन बिठाना भारी पड़ सकता है। हालांकि, एलेन नेक्स्ट ऐप और इसके व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज अल्फा, बीटा और डेल्टा के लॉन्च के साथ, जिस तरह से मेडिकल पीजी के छात्र अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वह बेहतर बदलाव लाने वाला है।

यह ऐप कई संसाधनों की आवश्यकता को समाप्त करता है और विशिष्ट स्टार संकायों से अद्यतित और संक्षिप्त शैक्षणिक सामग्री प्रदान करता है।तीन व्यापक पाठ्यक्रम पैकेज - अल्फा, बीटा और डेल्टा - छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि उनकी तैयारी के लिए सर्वोत्तम संसाधन उनके लिए उपलब्ध हों।

## चहुँदिश गरमी ही गरमी

लहक रही है धरती सारी,
दहक रही ज्वाला सी धूप।
मन आकुल,तन व्याकुल,
धरा सूर्य ने कैसा निर्दय रूप।।
गर्म हवाएं,गर्म फिजाएं,
चहुँदिश गरमी ही गरमी।
मानो नभ से बरस रहे हो शोले,
सांसे थमीं-थमीं।।
सूखी नदियां, सूखे पोखर,
सूख गए जीवों के प्राण।
बन निष्ठुर, निमोही दिनकर,
मार रहा किरणों के बाण।।
पेड़ और पौधे मुरझाये,
मुरझा गये जीव सारे।
क्यूं ना मुरझायें गर,
छूट रहे हों नभ से अंगारे?
जीवन का पर्याय आज,
दिख रहा सिर्फ शीतल पानी।
बिन जल,जल जायेगा यह जग,
आ जाओ बरखा रानी ।।
मुक्ति मिलेगी इस संकट से,
जब तुम भू पर उतरोगी।
यह दारूण पीड़ा जगवालों की,
तुम पल में हर लोगी।।

**डॉ रश्मि प्रियदर्शनी** (कवयित्री)
असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग
जीबीएम कॉलेज, गया

# मिर्जा गालिब कॉलेज के टॉपर विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता

## कॉमर्स की सेकंड टॉपर कोमल को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर




**गया :** मिर्जा गालिब कॉलेज से इंटरमीडिएट एवं स्नातक के टॉपर विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई रखने के लिए उन्हें आर्थिक रूप से उसकी हौसला को बुलंद करने के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। कॉलेज ने छात्र छात्राओं के सुनहरे सपने संजोए रखने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। क्योंकि टॉपर विद्यार्थियों के अंदर जज्बा होता है वह अपने टैलेंट के दम पर अपना मुकाम हासिल कर सकता है उनके लिए इस वर्ष से इंटरमीडिएट, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा के टॉप-टेन में आए विद्यार्थियों को कॉलेज की ओर से 10000 की प्रोत्साहन राशि के साथ उनके आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए पूरा खर्च दिया जाएगा। यह बातें आयोजित एक प्रेस वार्ता में मिर्जा गालिब कॉलेज के शासी निकाय के सचिव शबी आफरीन शमशी एवं प्रोफेसर इंचार्ज डॉ शुजात अली खान ने संयुक्त रूप से कहीं। उन्होंने मिर्जा गालिब कॉलेज के शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि अनुभवी शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है, जिसका परिणाम है कि वर्ष 2023 के इंटरमीडिएट परीक्षा में पूरे बिहार में तीन छात्राओं ने टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं। इस बीच पूरे बिहार में कॉमर्स की सेकंड टॉपर रही कोमल कुमारी को चेक के रूप में 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि,प्रतीक चिन्ह,प्रशस्ति पत्र, पुस्तकें और बैग भेंट कर सारस्वत पूर्वक सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके माता-पिता और परिवार जन भी उपस्थित थे। सचिव ने बताया कि यह लाभ सिर्फ इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को नहीं बल्कि स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा, जो विश्वविद्यालय स्तर पर अब्बल स्थान प्राप्त कर सकेंगे। मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कॉलेज या अन्य किसी दूसरे संस्थान में नामांकन के लिए हर संभव आर्थिक सहायता दी जाएगी। हर वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आर्थिक समस्या नहीं आने दी जाएगी उनके हित के लिए कॉलेज हर संभव तैयार है। टॉपर विद्यार्थी अपना पढ़ाई जारी कर खुद और अपने परिवार के सपने को पूरा कर सकते हैं।

## समतामूलक समाज के पक्षधर थे बाबासाहेब : संजू लाल



**गया :** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर शुक्रवार की देर रात दुखहरनी मोहल्ले स्थित दुर्गा स्थान परिसर में कैंडल जलाकर एवं केक काटकर हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी संजू लाल ने बाबा साहेब की तस्वीर माल्यार्पण कर एवं केक काटकर उनकी जयंती मनाई। वहीं युवाओं ने कैंडल जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल का दिन बाबा साहब के सिद्धांतों और मूल्यों को याद करने का दिन है। उनके जीवन के बारे में आगामी पीढ़ियों को जानना और समझना जरूरी है। युवा पीढ़ी बाबासाहेब के बताए हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लें तभी समतामूलक समाज का निर्माण हो सकता है। अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान पूरे देश के प्रशासनिक तंत्र को सुचारू रूप से चला रही है। दलित परिवार से संबंध रखते हुए देश-दुनिया में कानून के ज्ञाता के रूप में चर्चित हुए। वे समतामूलक समाज के पक्षधर थे। स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई। इस बीच उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब अमर रहे, बाबासाहेब तेरे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएंगे के गगनभेदी नारे लगाए। जयंती को लेकर पूरे प्रांगण को गुब्बारे,फूल माला और झंडो से सजाया गया था। इस अवसर पर वार्ड नंबर 14 के पार्षद पप्पू कुमार शर्मा, जॉन कुमार, विजय रजक, पंकज कुमार बिरजू रजक सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार के विरोध में कांग्रेस ने पदयात्रा निकाली

## विधान पार्षद व विधायक सहित महागठबंधन के नेता भी धरना पर बैठे

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कार्यपालिका विधायिका, न्यायपालिका सहित विपक्षी दलों के नेताओं को देश की स्वतंत्र संस्था के माध्यम से बेवजह परेशान कराने एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के जिम्मेवार बताते हुए विरोध में पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर बिहार विधान परिषद सदस्य सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर समीर कुमार सिंह एवं मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जमालपुर विधानसभा सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं ने पदयात्रा निकाली और शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए शहीद स्मारक किला के समीप जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ धरना कार्यक्रम में तब्दील हो गया । पदयात्रा एवं लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जनों एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार भारतीय लोकतंत्र के तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका को नष्ट कर रही है। भारत की संविधान और इसके आदर्शों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस पार्टी समान विचारधारा वाले सभी पार्टियों के साथ मिलकर देशवासियों की आवाज की रक्षा करने के लिए काम करेगी। डॉ समीर कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस देश की मुख्य विपक्षी दल होने के नाते अपने कर्तव्य एवं जवाबदेही को समझती है ।सभी विपक्षी दलों के साथ मिलकर देश में व्याप्त चरम पर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी जैसे ज्वलंत समस्याओं के निराकरण करने हेतु तानाशाह केंद्र सरकार के विरोध में आवाज बुलंद करती रहेगी ।डॉ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बेरोजगारी ,महंगाई ,सामाजिक विभाजन जैसे जनता से जुड़े विषयों को उठाने से रोका जा रहा है। अडानी घोटाले से संबंधित मुद्दों पर संसद में चर्चा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता छीन सकती है,आवास वापस ले सकती है और जेल भेज सकती है । लेकिन उन्हें जनता का प्रतिनिधित्व करने एवं उनकी आवाज को रोकने नहीं सकती है। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जमालपुर विधानसभा सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत और यात्रा कार्यक्रम में देश की जनता द्वारा आप समर्थन मिलने से घबराकर मोदी सरकार तानाशाही आचरण करते पक्षी दलों के नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रही है। अपने अरबपति दोस्तों को आर्थिक लाभ पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश वासी खासकर मध्यम वर्ग की जनता चिंतित है। इस अवसर पर मुंगेर जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष राज कुमार मंडल ने कहा कि कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए मोदी सरकार बौखला गई है तथा विपक्षी दलों के नेताओं को सीबीआई, ईडी के द्वारा डराने धमकाने का काम कर रही है।

## शहर >> अपडेट

### जन शिक्षण संस्थान में मनी अम्बेडकर जयंती

**गया :** डीएम आवास के समीप स्थित जन शिक्षण संस्थान केंद्रीय कार्यालय में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह आयोजित की गई ।जन शिक्षण संस्थान गया के अध्यक्ष ममता पालित ने सर्वप्रथम अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रती श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अम्बेडकर जी के भारत के संविधान निर्माण और देश के विकास में उनके योगदानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों के बीच प्रदान की। इस अवसर पर रवींद्र कुमार सिन्हा, बलीराम कुमार, इंदू शर्मा, विभा कुमारी, धीरेंद्र कुमार, सीमा देवी, नीलम देवी, धर्मेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## अगलगी की घटना में चार लोगों के घर जले



**पीपराकोठी पू चं :** थाना क्षेत्र के कुड़िया गांव में घर के खाना बनाने के दौरान आग लगने के वजह से चार लोगों के घर जलकर खाक हो गए हैं। घटना शुक्रवार के सुबह आठ बजे के आसपास की है। अग्नि पीड़ितों में कुड़िया निवासी हंशु ठाकुर, राजकिशोर ठाकुर, केदार ठाकुर व छठी देवी के नाम शामिल हैं। बताया जाता है कि उक्त गांव में चूल्हे की चिंगारी से अचानक आग लग गई। लोग आग पर काबू कर पाते तबतक इन चारों लोगो के घर जलकर खाक हो गए। इस घटना में घर मे रखे गए अनाज, कपड़ा बर्तन व नगद सहित लाखो रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना को पीड़ित हंशु ठाकुर ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है।

## किसान प्रशिक्षण का हुआ समापन

**पीपराकोठी पू चं :** स्थानीय महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान के सभागार में किसानों के आय को बढ़ाने के लिए समेकित कृषि प्रणाली के तहत शुक्रवार को किसान प्रशिक्षण का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डा केजी मंडल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डा मंडल व अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डा मंडल ने समेकित कृषि प्रणाली की अवधारणा व डिजाइनिंग के अलावा जलभराव पारिस्थिकी तंत्र जलवायु लचीला खेती के संबंध में विस्तार से बताया। वही वैज्ञानिक श्रेया निवेश ने भूमि एवं जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए तालाब आधारित आईएफएस मॉडल के संबंध में बताया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से डा एसके पूर्वे, डा एके सिंह, डा कौशिक बनर्जी, डा रवि कुमार सहित कई वैज्ञानिक व प्रतिभागी किसान मौजूद थे।

## नवपदस्थापित मनरेगा पीओ ने संभाला पदभार



**पीपराकोठी पू चं :** स्थानीय प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में नवपदस्थापित मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में चंदन चौधरी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं मनरेगा के कर्मियों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही स्थानांतरित कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश कुमार श्रीवास्तव को विदाई दी गई। नव पदस्थापित मनरेगा पीओ श्री चौधरी ने कहा कि वे अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। मनरेगा के तहत संचालित कार्यो को सुचारू रूप से चलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर पंसस रीतज कुमार, लेखपाल सुमन कुमार, अवधेश कुमार, वाहिद मंजर, प्रमोद कुमार व प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## राजद कार्यकताओं ने मनाया डॉ अंबेडकर जयंती

**मोतिहारी पू चं :** शहर के भवानीपुर जीरात स्थित राजद कार्यालय में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 132 वी जयंती मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केंद्र सरकार के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को धता बताकर समाज में नफरत और गरीबों तथा वंचितों को उसके अधिकार से वंचित किया जा रहा है, इसके खिलाफ सभी को सजग रहना होगा। एकजुट होकर वैसे शक्तियों को जवाब देना होगा जो देश के माहौल को खराब करने के लिए नफरत के सहारे नौजवानों को भ्रमित कर रोजगार और उसके अधिकार से वंचित कर रहा है। मौके पर प्रधान महासचिव संतोष कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा दास, नगर अध्यक्ष लालबाबू खान, मीडिया प्रभारी जावेद अहमद, मनोज अकेला, पवन यादव, बीना राय, राजदेव यादव, मोहम्मद सरफुद्दीन, मोहम्मद चांद विद्रोही, मनोज यादव, अमरिंदर वर्मा, पप्पू साहनी, रुपेश पासवान, अवनीश यादव, अनुराग यादव, मोहम्मद गयासुद्दीन इत्यादि उपस्थित थे।

## लहू से लहू मिल जाते हैं दिल से दिल तो मिलाओ होली हो या ईद खुशी से मिलकर साथ मनाओ

काव्य संध्या 451 आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**गया :** जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन में काव्य सन्ध्या 451 का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सभापति सुरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र व संचालन संजीत कुमार ने किया। काव्य संध्या का शुभारंभ विजय कुमार शर्मा ने सतुआनी गीत से किया। कहा- तरा ऊपरी सब खाय लगलन सतुआ मनमानी। लहर-लूक से सगरो सूखल जा हे पानी।। कवियित्री रानी मिश्र ने कहा- लहू से लहू मिल जाते हैं दिल से दिल तो मिलाओ। होली हो या ईद खुशी से मिलकर साथ मनाओ।। डॉ राम परिखा सिंह ने कहा- अप्रैल मई जून तीन महीनमा, हई गरमी के दिनमा।। पंकज कुमार अमन ने गजल में गाया- घर तो आशियाना है, मुहब्बत का ठिकाना है। साँसे चल रही है तो सब प्रेम में दीवाना है।। चन्द्रदेव प्रसाद केशरी ने गीत में गाया- मजहब के नाम पर तू क्यों जान हो गंवाते ? दामन में अपनी माँ के दाग क्यों हो लगाते ?? रामावतार सिंह ने अपनी शुभकामना कविता में कहा- सबके हृदय में प्रेम का मोहक मधुर दीपक जले। उल्लास उत्सव मगन सारे लोग बन जाए भले।। शंकर प्रसाद घोर कलयुग कविता पढ़ी। मुद्रिका सिंह लोरिकाईन शैली में पर्यावरण पर अपनी कविता सुनाई। कहा- मुनरिका के बतिया रामा अब कान देइ सुनहू हो, पर्यावरण के लेहू बचाई अनुरे की। बिनोद बरबिगहिया ने कहा- धूम्रपान की लत बुरी, जीवन हुआ मलिन।

इनके अलावे मिथिलेश कुमार मिश्र दर्द, उदय सिंह, शैलेश कुमार ज्ञानी, अजीत कुमार, महेश प्रसाद, खालिक हुसैन परदेसी, अभ्यानन्द मिश्र आदि ने भी आपनी कविता पढ़ी। अंत में महामंत्री सुमन्त ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विधायक ने ग्रामीणों के साथ मनाया अंबेडकर जयंती

राष्ट्रीय खबर



**कोटवा पू चं :** प्रखंड के जेसौली मिडिल स्कूल परिसर में विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा ग्रामीणों के साथ संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की आज के युग में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की के सिद्धांतों की सर्वाधिक जरूरत है। बाबा साहब अंबेडकर को किसी एक राजनीतिक दल, यह समाज के एक तबके के साथ जोड़कर नहीं देखा जा सकता।बाबा साहब अम्बेडकर ने देश को संविधान देने में महती भूमिका अदा की थी। बाबा साहब अम्बेडकर ने नेहरू कैबिनेट में कानून मंत्री की जिम्मेदारी भी बखूबी अदा की थी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनिल दास, विधायक प्रतिनिधि लखेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख अवधेश सिंह, मुखिया सकलदीप सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उमाकांत सिंह, नवल दुबे, मनोहर उपाध्धाय, महेंद्र राम, वीरेंद्र यादव, सरपंच विजय यादव, संजय यादव, रामजन्म राय, हरि पासवान, विशुन बैठा, गणेश बैठा, बिपिन उपाधधाय, गुड्डू यादव, ब्रमदेव पासवान, मुकेश पटेल, हरेंद्र राम, रंजन बैठा, मनीर मियां, सुभान अली, असगर आलम, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मुक्तिधाम में बनेगा विद्युत शवदाह गृह पर्यावरण संरक्षण मे मिलेगी मदद

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** जिला के नगर निगम क्षेत्र मे बूढ़ी गंडक नदी किनारे मुक्तिधाम मे दो विद्युत व चार लकड़ी शवदाह गृह बनेगा। जिसपर जानकारी के अनुसार करीब 9 करोड़ रुपये खर्च होंगे।निर्माण की जिम्मेवारी बुडको को सौंपी गई है। आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के तहत जिला मुख्यालय व महत्वपूर्ण नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृह व मोक्षधाम बनना है।इसी योजना के तहत जिले के नगर निगम क्षेत्र मे आधा दर्जन शवदाह गृहो से जुड़ी योजना की स्वीकृति मिली है। लकड़ी शवदाह गृह पर्यावरण के अनुकूल होगा,सामान्यतः एक शव की अंत्येष्टि में नौ मन लकड़ी लगती है।तो वही, इसमें दो से ढाई मन लकड़ी की ही जरूरत होगी साथ ही समय भी कम लगेगा। सूत्रो के मुताबिक शवदाह गृहों के निर्माण के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग ने तत्काल करीब 25 प्रतिशत राशि का आवंटन किया है।मुक्तिधाम में एकमात्र लकड़ी शवदाह गृह, वही शहर में अभी विद्युत शवदाह गृह नहीं है।सिकंदरपुर स्थित मुक्तिधाम मे एकमात्र लकड़ी शवदाह गृह है।इसके अलावा सात प्लेटफॉर्म है,जहां सामान्य तरीके से लकड़ी से अंत्येष्टि होती है। मुक्तिधाम प्रभारी दीपक कुमार के मुताबिक हर माह औसतन 150 से 160 शवों की अंत्येष्टि होती है। वही, पर्यावरण विशेषज्ञ सुरेश गुप्ता के मुताबिक विद्युत शवदाह गृह से काफी कम कॉर्बन डाईऑक्साइड गैस निकलती है, तो वही लकड़ी से काफी धुआं निकलता है। जिससे वायु प्रदूषण होता है। विद्युत शवदाह गृह होने पर पेड़ों के साथ पर्यावरण संरक्षण मैं भी काफी मदद मिलेगा। पर्यावरण के अनुकूल छह शवदाह गृह बनेंगे। बिजली के अलावा विशेष तकनीक से संचालित लकड़ी शवदाह गृह में अंत्यष्टि के लिए कम लकड़ी लगेगी। इससे पर्यावरण को कम नुकसान होगा।विद्युत शवदाह गृह और मोक्षधाम निर्माण से जुड़ी योजना की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

## सफलता : अशरफ परवेज ने यूजीसी नेट में की सफलता हासिल

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए यूजीसी नेट परीक्षा में सुगौली वार्ड 7 निवासी पूर्व चेयरमैन मो अबुलैश के भतिजा मों अशरफ परवेज ने सफलता हासिल किया है।मालूम हो कि असिस्टेंट प्रोफेसर व लेक्चरर पदों के लिए पात्रता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष में दो बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा यूजीसी नेट परीक्षा आयोजित की जाती है। जिसमें मों अशरफ परवेज ने सफलता हासिल कर प्रखंड का नाम रौशन किया। मों असदुल्लाह के चार बच्चों में सबसे बड़े अशरफ परवेज के इस सफलता पर परिवार व पूरा नगर वासियों में खुशी का माहौल है। पूर्व चेयरमैन मो. अबुलैश ने बताया कि बहुत कम उम्र में बड़ी सफलता हासिल कर अशरफ परवेज ने गांव का नाम रौशन किया है। वही अशरफ परवेज ने बताया कि नंद हाईस्कूल स्कूल से दसवीं करने के बाद पंडित उगम पांडे मोतिहारी से ग्रेजुएशन पूरा किया और इग्नू से एमए की और अभी पढ़ाई कर रहे हैं,घर पर रह कर प्रथम प्रयास में इन्होंने 91 परसेंटेज यूजीसी नेट असिस्टेंट प्रोफेसर क्वालीफाई किया।यह परीक्षा भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा कराई जाती है। इसकी कड़ी परीक्षा होती है और इसमे पुरे देश मे पांच से 6 परसेंट बच्चे प्रत्येक विषय में क्वालिफाइड करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए सेल्फ स्टेडी बहुत जरूरी है और आजकल ऑनलाइन एजुकेशन ने छात्रों के लिए बहुत सरलता प्रदान की है। बधाई देने वालो में सैफुल्लाह अनवर, हैदर अफाक, नसीम आलम, डां विवेकानंद सरकार, वार्ड पार्षद शिवजी, दिलीप कुमार ने बधाई दी।

## 132 वी जयंती पर सपा ने किया डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन

देश बचाने के लिए हर अंबेडकरवादी को आडंबरवादी से लड़ना होगा - पप्पू

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** भारतीय राजनीति के विलक्षण पुरुष संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती पर मुंगेर जिला समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की एकता अखंडता संप्रभुता धर्मनिरपेक्षता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संविधान बचाने का संकल्प लिया।

मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश विध्वंसक मुहाने पर खड़ा है ।बाबा साहब के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने वाले सामंती ताकत आज भी दलितों का शोषण कर रहे हैं। आजादी के 75 दशक बाद भी दलितों के कई ऐसे गांव है जहां सड़क शिक्षा सुरक्षा जैसी मूलभूत समस्याओं से आज भी लोग जुझ रहे हैं और आम आवाम मठ मंदिर और मठाधीशों के षड्यंत्र के शिकार हो रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में हर अंबेडकरवादी को संविधान बचाने के लिए आडंबरवादी से लड़ना होगा तभी देश बचेगा ।

वहीं पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि वर्तमान दौर में हर व्यक्ति को अंबेडकरवादी बनना होगा तभी संविधान और देश बचेगा ।

मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष रामनाथ राय, महासचिव मिथिलेश यादव, अशोक भारत, महिला सभा अध्यक्ष रंजना अराफात, मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम, प्रवक्ता गणेश पोद्दार, मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, सदर प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर मंडल, मथुरी यादव, आशिष कुमार, रणवीर राय, दिनेश साहू, विरेन्द्र दास सहित अन्य थे।

## बिहार का अपना चार्ली चैपलिन दुनिया करती इनके अभिनय को सलाम

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** चार्ली चैपलिन का जन्म 16 अप्रैल, 1889 को लंदन में हुआ था। चार्ली चैपलिन 2 के नाम से विख्यात राजन कुमार उनके जन्मदिन को अनोखे ढंग से मानते आ रहे हैं। राजन कुमार चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में चार्ली चैपलिन की यादों को जिंदा किया है। आज जबकि करोना महामारी के कारण इंसान परेशान है और उसे सबसे ज्यादा इम्यूनिटी बढ़ाने की जरूरत है ऐसे में हंसी से बढ़कर क्या हो सकता है और चार्ली एक ऐसे अभिनेता थे, जिन्होंने बिना एक शब्द बोले पुरी दुनिया को हंसाया था। फिल्मी दुनिया के सबसे पहले हास्य कलाकार की बात होती है, तो चार्ली चैपलिन का नाम ही जुबान पे आता है। ब्लैक एंड व्हाइट के जमाने में उन्होंने अपने अभिनय से हास्य के रंग बिखेरे थे और राजन कुमार भी चार्ली चैपलिन 2 के रूप में उसी तरह वर्षों से लोगों को हंसाते आ रहे हैं। नीम का एक पौधा लगाते हुए राजन कुमार ने एक फोटो शेयर किया है जहां वह कई बीमारियों मे औषधि का गुण रखने वाले इस पेड़ का ज़िक्र कर रहे हैं।

उललेखनीय है कि हीरो राजन कुमार ने आइकॉन ऑफ इंडिया (इलेक्शन कमीशन) के रूप में भी रिकॉर्ड बनाया था। मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक करने के लिए सबसे ज्यादा कंपेन करने के लिए उन्हें रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया था। चार्ली चैपलिन 2 के नाम से मशहूर हीरो राजन कुमार ने आइकॉन के रूप में मुंगेर ,बिहार में वोटिंग ट्री प्लांट करके एक अनोखा काम किया। वोटर्स अवेयरनेस के लिए इस तरह का अभियान पहली बार हुआ,और यह वोटिंग ट्री का कांसेप्ट राजन कुमार का इतना पसन्द किया गया इसे इलेक्शन कमिशन औफ इंडिया की मैगजीन इनोवेशन्स ऐंड इनिशियेटिवस में प्रमुखता से जगह दी गई। वोटिंग ट्री इन बिहार के नाम से पूरे पेज पे राजन कुमार की इस उपलब्धि का ज़िक्र किया गया।

डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट मुंगेर राजेश मीना के साथ मिलकर राजन कुमार ने 101 वोटिंग पेड़ लगाए थे। चार्ली चैपलिन के 135 वें जन्मदिन पर चार्ली चैपलिन 2 के नाम से दुनिया भर में 5055 संख्या में लाईव शोज करने वाले राजन कुमार का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है।

मुंगेर, बिहार के एक छोटे से गांव टेटिया बंबर के एक साधारण किसान पिता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ,माता सुनीता देवी के छोटे पुत्र के रूप में जन्मे राजन कुमार का लालन पालन बहुत ही साधारण तरीके से हुआ है गांव के सरकारी स्कूल जगनाथ उच्च विद्यालय में ही शिक्षा दीक्षा लिया । बंदर से नाचना सीखा, महानय नदी में तैरना सीखा और आदिवासी लोगों से युद्ध कला ने राजन को मजबूत बनाया और लगन और संघर्ष ने साधारण से गांव के लड़के को दुनिया का दूसरा चार्ली चैपलिन बना दिया। आज भी राजन कुमार सुबह सवेरे उठ कर एक्सरसाइज करना नही भूलते सत्तू पीना उन्हें अच्छा लगता है।

छाऊ नृत्य के लिए इन्हें नेशनल अवॉर्ड मिला। रंगमंच की विधिवत ट्रेनिंग लेने के बाद में चार्ली चैपलिन को जिए जा रहे हैं। 5055 लाइव शो होने के बाद भी हर शो उनके लिए पहला शो होता है।कई हिंदी फि ल्मों के नायक राजन कुमार की हिट हिंदी फिल्म नमस्ते बिहार है जिसे यू ट्यूब पर देखा जा सकता है।हाल ही में दिल्ली राजपथ पर होने वाले रिपब्लिक डे परेड में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके बिहार के इस अभिनेता की लोकप्रियता को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## नन्हे रोजेदारों ने रमजान के चौथा जुम्मा का रोजा रखा



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** रमाजन-उल-मुबारक का पाक महीना प्रारंभ है।रहमतों व बरकतों से लबरेज रमजान महीना में जहां बड़े बड़ों ने रोजा रख इफ्तार किया, वहीं भीषण गर्मी में नन्हें-मुन्ने रोजादार भी पाक महीना में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत किया। नन्हे रोजादार बड़े-बड़ों के साथ पांचों वक्त का नमाज भी अदा किया। बच्चों ने इस तपती धुप व भीषण गर्मी में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत किया, जिससे उनकी चर्चा बेतिया के रोजेदारों में हो रही है। बेतिया के के मंशा टोला निवासी हाफिज मेराज अहमद खान का पाँच वर्षीय पुत्र अनस अहमद खान ने रमजान-उल-मुबारक का चौथा जुम्मा का रोजा किया। हाफिज मेराज अहमद ने बताया कि रमजान के पाक महीना में सभी मुसलमानों को रोजा रख अल्लाह पाक की इबादत करनी चाहिए। क्योंकि यह महीना सब्र का होता, सब्र करना सिखाता है। रमजान पाक के महीना में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करने से इंसान खुद को अल्लाह के करीब पाता है। नन्हें रोजादार बच्चों ने रोजा की कामयाबी पर खुशी का माहौल है।

## शहर >> अपडेट

### समारोह पूर्वक मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**चकिया पू चं** : बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती अनुमंडल मुख्यालय से लेकर गांव तक समारोह पूर्वक मनाई गई। इसी कडी में एसडीओ एसएस पांडेय ने प्रखंड परिसर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ हीं जदयू, भाजपा आदि राजनीति पार्टी के द्वारा विभिन्न जगहों पर तथा सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थान व कार्यालयों में भारत के पहले कानून मंत्री और भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार डॉ अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित की गई। इस मौके से वक्ताओं ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने समतामूलक न्याय पूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया, उनके विचारों पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है।

# शराब बंदी की ढोल पीटने वाली सरकार में कथित रुप से पांच लोगो की संदिग्ध हुई मौत

## जांच उपरांत जांच के बाद होगी कठोर कार्रवाई : मंत्री

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च** : शराब बंदी की ढोल पीटने वाली सुशासन की सरकार में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से अब तक पांच लोगो की संदिग्ध मौत हो चुकी है। शराब बंदी के बाद भी मिल रहे शराब को पीने वालो में कौवाहा के रामचंद्र ठाकुर के पुत्र गोविंदा ठाकुर, बढ़ेया के किशमी राम के पुत्र गणेश राम और गिद्दा के ध्रुप राम के सुदीश राम,जोधन पासवान के पुत्र चुलाही उर्फ अजय पासवान और इन्द्रासन महतो सहित पांच लोग अकाल मौत के गाल में समा गए।जब कि इसकी चपेट में आएं दर्जनभर लोगों की इलाज ग्रामीण चिकित्सको नीजि क्लीनिक और सरकारी अस्पताल में चल रहा है। मामला सुगौली थाना क्षेत्र के दक्षिणी छपरा बहास पंचायत और भरगावां पंचायत का है।जहां गुरुवार की संध्या के बाद से कथित रुप जहरीली शराब पीने वाले लोगो पर इसका असर होने लगा। प्रभावित व्यक्ति उनके परिजन और ग्रामीणों के चर्चा के अनुसार गुरुवार की रात्रि में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि शुक्रवार को 2 लोग मरे और शनिवार को एक व्यक्ति सहित कुल पांच लोगो की मौत हो गई।जबकि गिद्धा के जयलाल पासवान, बिजली महतो,बुनियाद पासवान का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दुसरी ओर मरने वाले परिवारों में चीख-पुकार मचा हुआं है। किसी ने अपना पति,किसी ने पिता और किसी ने पुत्र खोया है। इस तरह की घटना पर गांव में बिरानगी और मातम छाया हुआं है। चपेट में आएं व्यक्ति जयलाल पासवान जिसका इलाज सुगौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। गिद्दा चौक पर पांच सात लोगो के साथ दारु पिया था तब से हालत बिगड़ गई है।पेट में दर्द,बेचैनी और चक्कर आ रहा है। डरे-समहे ग्रामीणों ने शराब माफियाओं का नाम तो नही बताया पर उन्होंने कहा कि आस-पास के लोग ही धड़ल्ले से शराब पहुंचाते हैं। उन लोगो ने बताया कि इसमें थाना के लोग भी मिले हुएं है जो आते-जाते रहते है और शराब भी मिलता रहता है। थाना को भी तीन-चार बार इसकी लिखित शिकायत की गई पर ना तो कोई पुलिस कर्मी आया और ना ही शराब की बिक्री कम हुई।लोगो के मरने की जानकारी मिलने पर पंचायत मुखिया रेणु देवी के पति अनिरुद्ध सिंह, संरपच पति सह राजद प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव और पंचायत समिति सदस्य अफरोज आलम पहुंचे जहां स्थिति की जानकारी ली और मृतकों के परिजनों को संतावना दिया। साथ ही शराब माफियाओं पर कड़ी कानूनी कार्रवाई किऐ जाने की मांग की। मौके पर प्रदेश के विधि मंत्री डॉक्टर शमीम अहमद को इसकी जानकारी दी गई जहां उन्होंने बताया कि मामले की जांच पड़ताल करवा कर मामले में संलिप्त लोगो के विरुद्ध कठोर कदम उठाया जाएंगा।वही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि लोगो की मरने की जानकारी मिली है।

### डॉ आंबेडकर जयंती पर पुष्प अर्पित किया



**बेतिया** : भारतीय विधिवेत्ता संविधान निर्मात्री प्रारुप समिति के अध्यक्ष महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव आंबेडकर साहब की जयंती पर जगजीवन नगर बेतिया में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया। उस क्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के जिला नेता रवीन्द्र कुमार रवि ने कहा कि भारत का संविधान व लोकतंत्र आखिरी सांस ले रहा है। बाबरी ढांचा विध्वंस से प्रारम्भ और 2002 में गुजरात जनसंहार से परवान चढ़ा, मोदी सरकार मजदूरों की कुर्बानियों से प्राप्त 44 श्रम कानून को एक झटके में समाप्त कर चार संहिता में बदल दिया है। आंबेडकर ने मानवता के दृष्टिगत 8 घंटे काम का कानून बनाया। उसके बदले मोदी ने जमींदारी प्रथा की भांति 12 घंटे काम करने का काला कानून बना दिया है। सामाजिक समरसता लाने वाले आरक्षण को कमजोर किया जा रहा है। संविधान से परे आर्थिक आधार पर समान्य जाति को 10 आरक्षण दे दिया है। निवर्तमान पार्षद व समाजसेवी रीता रवि ने कहा कि न्यायपालिका में आरक्षण नहीं है, यह भी यक्ष प्रश्न है। सरकार की परेशानी दुसरी है, वह कॉलेजियम सिस्टम से परेशान है और इसको बदल कर उसे भी अपनी जेब में रखना चाहती है। अभी अघोषित आपातकाल है, उसे स्थायी बनाना चाहती है। आसन्न लोकसभा 2024 का चुनाव उससे मुक्ति के लिए है। देश की जनता की आकांक्षा है। जन आंदोलन को तेज कर भाजपाई साम्प्रदायिक फासीवाद का मुकाबला करना होगा उसके अलावा रामसूरत राउत, राजेश राउत, गणपत राउत, सुरेश राउत, रितेश कुमार, बली राउत, सोनू कुमार, बिट्टू कुमार, अजय कुमार, गायत्री देवी, शोभा देवी व गणमान्य बुद्धिजीवियों ने भी संबोधित किया।

# नगर निगम के मुख्य स्थान व सड़कों पर साइन बोर्ड करेंगे आगंतुक और पर्यटकों का मार्गदर्शन : महापौर

▶▶ नगर निगम महापौर एवं निगम प्रशासन सभी प्रमुख स्थानों को विशिष्ट पहचान देने की पहल तेज

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : नगर निगम बेतिया के मुख्य स्थान और सड़कों पर साइन बोर्ड आगंतुक और पर्यटकों के मार्गदर्शन करेंगे। बाह्य क्षेत्र के लोगों के लिए मुख्य क्षेत्र, रोड और चौक चौराहों की जानकारी के लिए किसी से पूछने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। निगम प्रशासन ऐतिहासिक स्थल व प्रमुख स्थलों की जानकारी प्रदर्शित करते साइन बोर्ड बेतिया नगर निगम के इतिहास और विशेषताओं की जानकारी भी देंगे। साइन बोर्ड से नगर निगम क्षेत्र के स्थान विशेष की जानकारी मिलगी। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अम्बेडकर कॉलोनी में वार्ड पार्षद दीपक कुमार की उपस्थिति में डॉबीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि मुख्य स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने के कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। योजना को कार्यरुप देने पर आवश्यकता अनुरुप इसका और विस्तार किया जायेगा। यहां उल्लेखनीय है कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में साइन बोर्ड के साथ एक तरह के ग्राफिक डिस्प्ले दिखाने के लिये इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाने के कार्य में नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया, नगर आयुक्त शम्भू कुमार, सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार एवं नगर निगम प्रशासन लगा हुआ है। जिसका उद्देश्य कम शब्दों या संकेतों से नगर निगम के मुख्य स्थानों, सूचना एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है।

# विश्वविभूति, विश्वमानव व युग प्रवर्तक भारत रत्न डॉ. अंबेडकर जयंती सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : विश्वविभूति विश्वमानव युग प्रवर्तक भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर की 132 में जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित समाहरणालय के प्रवेश द्वार पर नवागत जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया। जिला से आए प्रतिनिधियों, जिसमें प्रबुद्ध भारती, पंचशील बौद्ध विहार, भारतीय बौद्ध महासभा, भीम बुद्ध नीति तथा अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के पुष्पांजलि एवं भावांजलि युक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रबुद्ध भारती के राष्ट्रीय संयोजक मिसाइल इंजीनियर विजय कश्यप ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का हवाला देते हुए यह जानकारी दी कि विश्व की 10 युग परिवर्तन में प्रथम चार भारत के हैं और उसमें चौथे हैं इस युग के युग प्रवर्तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान के निर्माण में ड्राफ्टिंग कमिटी के चेयरमैन की भूमिका निभाई। उन्होंने संपूर्ण भारत एवं मानवता के लिए एक संविधान देने में अपना योगदान दिया। जवानी के संघर्षों को देखा जाए तो बाबासाहेब ने विपरीत परिस्थितियों एवं अभावग्रस्त परिवार में जन्म लेकर भी 32 डिग्री प्राप्त किया। अपनी थीसिस 'प्रॉब्लम ऑफ रुपीस एंड सलूशन' के माध्यम से इंग्लैंड के यंग हिल्टन कमीशन से अपनी राय साझा करके रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया 1 अप्रैल 1935 को जन्म दिया। महिलाओं एवं पिछड़े समाज के लिए संविधान समिति में संघर्ष करते-करते उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त किया, और साबित करने के लिए करने के लिए कानून मंत्री पद से त्यागपत्र दिया। एक अकेले व्यक्तित्व ने बिना चुनाव जीते, उन्होंने वह सब कुछ दिया जो अब तक चुनाव जीतकर तमाम राष्ट्र नायकों ने नहीं दिया। बाबा साहब ने पूरी दुनिया को देश के लिए जीने की नसीहत दी, एवं देश के विकास में कोई भी चीज बाधक नहीं होगी इस बात का एक मार्ग प्रशस्त किया, संविधान समिति में 299 लोगों में पिछड़े और दलित समाज के प्रतिनिधि अत्यल्प थे, उसके बावजूद भी उन्होंने सारे समाज का हित ,आर्टिकल 15 ,340 41 42 में उन्होंने सबके अधिकार सुनिश्चित किया। उन लोगों के उस समय के तमाम लोगों के विरोध के बावजूद उन्होंने महिलाओं को शिक्षा एवं मत का अधिकार दिया मात्र 65 वर्ष की अल्पायु उन्होंने जितने काम किए, उतनी आज तक के तमाम राजनेताओं ने मिलकर नहीं किया।

# दर-दर की ठोकरें व भीख मांगने को विवश किशोरी की मां डीआईजी से मिली

▶▶ डीआइजी ने कहा भरोसा रखें अवश्य न्याय मिलेगा

▶▶ पुलिस की लापरवाही से सरेआम घूम रहा आरोपी, न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला के बगहा पुलिस अंतर्गत रेप पीड़िता की मां ने 13 वर्षीया पुत्री के लिए न्याय की भीख मांगते दर-दर की ठोकरें खा रही है। बगहा पुलिस जिले के सेमरा थाना क्षेत्र निवासी मां अपनी पुत्री के बलात्कार के 2 माह बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण न्याय मिलने का आस नहीं दिखाई दे रही है। पीड़िता की मां ने बताया कि आधी रात को घर में घुसकर संगीन के बल पर बलात्कार करने वाला पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सेमरा थाना पुलिस घटना के 2 माह बाद भी वीरेंद्र को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

इस मामले में बुधवार को चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी जयंत कांत से पीड़िता की मां मिली। उसके बाद उसने हमारे संवाददाता को बताया कि वह भीख मांग कर अपने बच्चों की परवरिश व अन्य खर्च चलाती है। डीआईजी से मिलने बेतिया आने के लिए, उसे भीख मांगना पड़ा। उसका परिवार दहशत के साये में जीने को विवश है। क्योंकि, आरोपी दबंग व ऊंची पहुंच वाले व्यक्ति हैं। आरोपी हमेशा मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करने का काम करते है। सेमरा थाना पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। आरोपियों के प्रभाव में आकर पुलिस पीड़िता के परिवार को ही परेशान कर रही है। मामले को रफा-दफा करने को लेकर आरोपियों ने साजिश कर युवक राजेश कुमार महतो को खड़ा कर आधी रात को मेरे घर में प्रवेश कराकर हो-हल्ला किया गया कि मैंने उसे मिलने के लिए बुलाया है। दूसरे दिन पंचायत बैठाई गई और वह लड़का ने पंचायत में कहा कि पीड़िता की मां ने उसे रात को घर बुलाया। पंचायत में दबंगों ने झूठी बात को सत्य साबित कर आरोपियों ने गोलबंद होकर उसकी जमकर पिटाई की, जिससे वह बीमार चल रही है।

समय रहते समाज के लोग को पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं देंगे तो पीड़िता की मां तोड़ देगी। सेमरा पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूरी करती रही है। आरोपी अपने मामा के घर रहता है पुलिस जानती है, परंतु गिरफ्तार करने के नाम पर छापामारी दिखाती है और खाली हाथ लौटकर चली आती है। बलात्कार पीड़िता की मां ने कहा है कि पुलिस बताती है कि आरोपी भाग गया, ऐसे में शायद यह कहना गलत नहीं होगा कि महसूस करने वाले जज्बे को लफ्जों का लिबास पहना सेमरा पुलिस के अलावा किसी को नहीं आता। इस बावत पूछने पर रामनगर प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार ने बताया कि कांड का पर्यवेक्षण भी नहीं हो पाया है क्योंकि जांच पदाधिकारी का स्थानांतरण के बाद पदस्थापन की प्रतीक्षा है। जैसे ही पदस्थापना होगी कांड का पर्यवेक्षण पूरी कर ली जाएगी।

थानाध्यक्ष सेमरा धीरज कुमार ने बताया कि आरोपी के रिश्तेदारों के घर छापामारी की गई है परंतु पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा है। पुलिस अधीक्षक बगहा से संपर्क नहीं होने की स्थिति में उनका पक्ष नहीं जाना जा सका, जबकि डीआईजी जयंत कांत से मिलकर वापस लौटने पर पीड़िता की मां ने बताया कि साहब ने भरोसा दिलाया है कि तुम चिंता मत करो तुम्हें न्याय अवश्य मिलेगा।

डीआईजी जयंत कांत ने हमारे संवाददाता को बताया कि शीघ्र ही आरोपियों पर लगाम कसी जाएगी, वे सलाखों के भीतर होंगे। बलात्कार पीड़िता किशोरी और उसकी मां ने आवेदन व प्राथमिकी के माध्यम से बताया है कि आधी रात को सो रही पुत्री के कमरे मे आरोपी घुस आया और संगीन के बल पर नग्न कर बलात्कार करने लगा, चिल्लाने की आवाज पर पीड़िता के माता-पिता दौड़कर पहुंचे, तब तक धक्का देकर व हथियार का भय दिखाकर भाग खड़ा हुआ। उन्होंने देखा तो यह पाया कि उनकी पुत्री खून से लथपथ पाया। दूसरे दिन पंचायती कराने पर आरोपी के परिजनों ने अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल कर जानमाल की धमकी देने लगे। अपने रिश्तेदार व वर्दीधारी दरोगा का हवाला देते हुए मामले को वापस लेने की दबाव बनाने लगे।

# हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों पर स्वास्थ्य मेला सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया** : प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। विभागीय निर्देश के आलोक में आयोजित मेला में बडी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इसमें ब्लड प्रेशर,डायबिटीज की जांच के साथ टीबी,एनीमिया बीमारियों पर जागरुक भी किया गया। इस दौरान प्रखंड के रामनगर पँचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयोजित स्वास्थ्य मेला में उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) डोर्थी शर्मा ने बताया कि हेल्थ मेला में एक ही जगह पर लोगों के लिए कई आवश्यक जांच और निःशुल्क दवा की व्यवस्था किया गया। मेला में पहुँचे दर्जनों लोगो को ब्लड प्रेशर,मधुमेह,गर्भावस्था के दौरान जरूरी देखभाल, एनीमिया प्रबंधन,टीबी बीमारी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधित मामलों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित केएचपीटी के सामुदायिक समन्यवक डॉ घनश्याम ने टीबी बीमारी के बारे में विस्तृत चर्चा कीं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश ने बताया की विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है।डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि ग्रामीणों को उनके घरों के आसपास सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला आयोजित किये जाने का विभागीय निर्णय महत्वपूर्ण है।इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओँ का लाभ उपलब्ध कराना विभाग का प्रमुख उद्देश्य है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एबीवीपी ने डॉ भीमराव अंबेडकर जागृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**नरकटियागंज** : भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नरकटियागंज ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जागृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य धर्मेश गुप्ता, नगर मंत्री आशीष कुमार गुप्ता, खेल कूद निर्देशक सुनील वर्मा, अशोक कुमार, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अतुल कुमार, पूर्व नगर मंत्री आशीष ठाकुर ने डॉ भीमराव अंबेडकर, भारत माता, स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के लगभग 400 विद्यार्थी शामिल हुए। उपर्युक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मेश गुप्ता ने कहा कि देश को एक मजबूत संविधान देने के साथ साथ बाबासाहेब ने देश को नई दिशा देने का काम किया। बाबासाहेब ने जिस तरह समाज मे फैले जातिवाद और भेदभाव को मिटाने का जितना प्रयास किया। उसी का परिणाम है कि हम सब एक समाजिक समरसता के भाव से समाज मे रहते है। आशीष ठाकुर ने कहा की हम सभी युवा को उनके विचारों का अनुसरण करते हुए समाज को एक सूत्र में बांधे रखना चाहिए। नगर मंत्री आशीष कुमार गुप्ता और राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि हम सबसे पहले भारतीय है। इसी विचार के साथ समाज मे प्रत्येक वर्ग के लोग को रहना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में नगर सह मंत्री राधवेंद्र तिवारी और अनुराग वर्णवाल नगर एसएफडी प्रमुख अंकित कुमार, आदित्य मिश्रा ,कुमार मंगलम, आदित्य बरनवाल, ,कुमार कार्तिकेय, मेराज आलम, नूरैन आलम, आकाश कुमार, किशन ब्याहुत, निलेश वर्मा सहित विद्यार्थी, कार्यकर्ता व प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : महगठबंधन ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाकपा जिला कार्यालय से महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने जूलूस निकाल कर समाहरणालय गेट स्थित अम्बेडकर की मूर्ति पर घटक दलों के नेताओं ने माल्यार्पण किया घटक दलों के नेताओं ने संबिधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर अमर रहे, देश बचाओ, संबिधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, नफरत मुक्त भारत के निर्माण के लिए आगे बढो, अम्बेडकर भगत सिंह के देश में अंबानी अडानी का राज्य नहीं चलेगा का नारा बुलंद किया। कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में महागठबंधन का जूलूस बेतिया के विभिन्न मार्गो से होते हुए समाहरणालय गेट पहुचा। उपर्युक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के शेख कामरान, विनय शाही, कलाम जौहरी, उमेश पटेल, भाकपा के जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति, बब्लू दूबे, कृष्ण नन्दन सिंह, ध्रुव नाथ तिवारी, सुबोध मुखिया, संजय सिंह, कैलाश प्रसाद, गायत्री देवी, योगेन्द्र शर्मा, राजा बाबू, तारिक, सैफुल्लाह, तारकेश्वर सहनी, राजेन्द्र साह, अच्छे लाल, माकपा के चांदसी यादव, शंकर राव, मनोज कुशवाह, भाकपा माले के सुनील राव, सुरेन्द्र चौधरी, सुनील यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, सभी नेताओं ने अम्बेडकर के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया।

# पुकारो मुझे फिर पुकारो.. .. ..



रजत कुमार गुप्ता

पुकारने का काम तो बिहार में भी चल रही है। डिप्टी सीएम तेजस्वी और उनके परिवार के लोगों को बार बार केंद्रीय एजेंसियां बुलावा भेज रही हैं। तेजस्वी ने अच्छी सलाह दी थी कि उनके आवास पर ही एक अस्थायी कार्यालय खोल लें ताकि बार बार की दिक्कत नहीं रहे। लेकिन एगो कंफ्यूजन है कि सीबीआई वाले सृजन घोटाले में किसी को पुकार क्यों नहीं रहे हैं। क्या उस मामले में भाजपा वाशिंग मशीन का कोई शख्स भी शामिल है।

अपने दिल्ली वाले सीएम को सीबीआई ने पुकारा है। रविवार को पेश है, मामला है दिल्ली के आबकारी घोटाले का। पता नहीं क्यों इतनी शोर गुल के बीच भी यह बात समझ में नहीं आ रही है कि आखिर घोटाला अगर हुआ है तो मैंगो मैन की समझ में आने लायक साक्ष्य सार्वजनिक क्यों नहीं होते हैं। खैर कोई बात नहीं अगर अंदर कर दिया तो वहां पहले से ही मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन साथ देने के लिए मौजूद हैं। इस बीच कहीं तेलेंगना के सीएम की पुत्री भी बंध गयी तो आबकारी घोटाला के कई वीआईपी अभियुक्त एक साथ वहां दरबार लगा सकते हैं।

पुकारने का काम तो बिहार में भी चल रही है। डिप्टी सीएम तेजस्वी और उनके परिवार के लोगों को बार बार केंद्रीय एजेंसियां बुलावा भेज रही हैं। तेजस्वी ने अच्छी सलाह दी थी कि उनके आवास पर ही एक अस्थायी कार्यालय खोल लें ताकि बार बार की दिक्कत नहीं रहे। लेकिन एगो कंफ्यूजन है कि सीबीआई वाले सृजन घोटाले में किसी को पुकार क्यों नहीं रहे हैं। क्या उस मामले में भाजपा वाशिंग मशीन का कोई शख्स भी शामिल है।

पुकारने की बात चली तो कर्नाटक में राजनीतिक दल एक दूसरे के सैनिकों को पुकार रहे हैं। अपना गुट भारी करना है, इसलिए कोई भी किधर चला जा रहा है। टिकट नहीं मिलने की नाराजगी क्या होती है, यह बात समझ में आती है। अब अगर यही हाल रहा तो लोकसभा का इलेक्शन आते आते कौन सा खेमा किस हाल में होगा, यह कहना कठिन है। गनीमत है कि मोदी जी की सरकार ने विपक्ष की बात नहीं मानी। वरना अगर अडाणी प्रकरण में जेपीसी का गठन हो जाता तो पता नहीं यह संयुक्त संसदीय कमेटी किस किस को पुकार लेती। इस समिति की पुकार को नजरअंदाज करना भी कठिन नहीं होता क्योंकि उसमें कई पेंच है। ठीक ही हुआ कि मोदी जी ने विरोधियों के सामने हथियार नहीं डाले।

लेकिन इससे परेशानी कम होती तो नजर नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और उनके मुलाजिमों को अलग अलग मामले में पुकारा है। ईडी के निदेशक के सेवाविस्तार मामले में सरकार को बताने को कहा है। दूसरी तरफ दिल्ली के उप राज्यपाल से पूछा है कि बिना सरकार की सहमति के दिल्ली नगर निगम में पार्षद कैसे मनोनित कर दिये। इन दोनों पुकारों का हल्के में तो कतई नहीं लिया जा सकता। वह भी इस मौके पर जब अडाणी मुद्दे पर भी सुप्रीम कोर्ट अपने तरीके से जांच कर ही रही है। कहीं से एक नट भी खुल गया तो पूरी मशीन के भरभराने लगेगी। मशीन का पूरा वजन नरेंद्र मोदी पर ही है। पर वह भी इतना अधिक बोझ कैसे संभाल रहे हैं, यह पुकार कर समझने वाली बात है। ऊपर से आम आदमी पार्टी वाले बार बार हांक लगाकर अपनी डिग्रियां दिखा रहे हैं और कह रहे हैं कि चुनावी हलफनामा की डिग्री अगर फर्जी साबित हुई तो क्या करेंगे। इस सबसे नई राष्ट्रीय पार्टी ने वाकई मोदी जी की नाक में दम कर रखा है।

इसी बात पर पुरानी फिल्म बुनियाद का यह गीत याद आने लगा है। इस गीत को लिखा था आनंद बक्षी ने और उसे संगीत में ढाला था लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी ने। इस गीत को किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने अपना स्वर दिया था। गीत के बोल कुछ इस तरह हैं।



*ओ ओ*
*पुकारो मुझे फिर पुकारो पुकारों मुझे फिर पुकारो*
*मेरे दिल के आईने में जुल्फे आज सवारों*
*पुकारों मुझे फिर पुकारो पुकारों मुझे फिर पुकारो*
*मेरी जुल्कों के साए में आज की रात गुजारो*
*पुकारों मुझे फिर पुकारो*
*गुलशन में ऐसी छाँव ऐसी धूप नहीं*
*गुलशन में ऐसी छाँव ऐसी धूप नहीं*
*कलियों मे ऐसा रंग ऐसा रुप नहीं*
*जाओ मेरे यार सा फूल कोई लेके आओ बहारो*
*पुकारों मुझे फिर पुकारों*
*चांदनी की इस अंधेरे में जरूरत नहीं*
*चांदनी की इस अंधेरे में जरूरत नहीं*
*कुछ सोचे कुछ देखें हमको फुरसत नहीं*
*जाओ कहीं जा के छुप जाओ आज की रात सितारों*
*पुकारो*
*अपने खाबों की दुनिया बसायेंगे हम*
*अपने खाबों की दुनिया बसायेंगे हम*
*आसमानो से भी आगे निकल जायेंगे हम*
*साथ हमारे तुम चलना ऐ हसीन नजारों*
*साथ हमारे तुम चलना ऐ हसीन नजारों*
*पुकारों मुझे फिर पुकारो पुकारों मुझे फिर पुकारो*

अब झारखंड की भी बात कर लें तो बार बार ईडी की मंशा हेमंत सोरेन को पुकारने की होती है। हर एंगल से ठोंक बजाकर छापामारी होती है। अधिकारी फंस भी जाते हैं। यह अलग बात है कि जनता को जो बातें बहुत पहले से मालूम हैं, उन बातों को जानने में सरकारी एजेंसियों को इतना टैम क्यों लगता है। लेकिन ईडी की अपनी परेशानी अलग है। अलग थलग बैठे सरयू राय बार बार ऐसी कोशिशों पर पानी फेर देते हैं। एक छापा हुआ नहीं कि उससे जुड़ी चार अन्य बातों का उल्लेख वह कर देते हैं और मामला फिर से फंस जाता है।

# 'हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान

बॉलिवुडः सारा खान का जन्म 12 अगस्त 1995 को मुंबई(भारत के सबसे बड़े महानगरों में से एक) में हुआ था। सारा ने 2016 में कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सारा अली खान अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह की बेटी हैं।सारा की पहली फिल्म केदारनाथ है, अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित सुशांत सिंह राजपूत के विपरीत, आरएसवीपी फिल्म्स और गाय इन द स्काई पिक्चर्स द्वारा निर्मित और 7 दिसंबर, 2018 को रिलीज होने के लिए तैयार है। उनकी अगली फिल्म सिम्बा रणवीर सिंह के विपरीत है, जिसे धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित किया गया है और 28 दिसंबर, 2018 को रिलीज होने के लिए तैयार है।सैफ अली खान की पहली पत्नी के दो बच्चे सारा अली खान और इब्राहिम अली खान है। और उनकी दूसरी पत्नी करीना कपूर के भी दो ही बच्चे हैं तैमूर और जहांगीर। सैफ अपने सभी बच्चों को बराबर प्यार करते हैं। वर्तमान में सैफ अपनी बेटी सारा अली खान की वजह से सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आए हुए हैं। सारा अली खान आज के समय में फिल्म इंडस्ट्री का एक बहुत बड़ा नाम बन चुका है। वह काफी फिल्मों में नजर भी आई है। उनकी पहली फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया थी, जिसमें उनकी एक्टिंग से सभी लोग बहुत खुश हुए थे और वह फिल्म भी बहुत सुपरहिट हुई थी।इस फिल्म से उनके फिल्मी करियर की शुरूआत हुई थी। इन दिनों उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अपने प्यार के बारे में बता रही हैं। उन्होंने बताया वह अपने मामा से शादी करना चाहती हैं। यह बात उन्होंने करण जौहर के रियलिटी शो कॉफी विद करण में कही है। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी सिडनी ट्रिप की एक



वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वीडियो की शुरूआत में सारा कहती हैं, नमस्ते दर्शको। इसके बाद सारा सिडनी घूमने निकल पड़ीं। वहां उन्होंने देसी लुक भी कैरी किया है। इसके अलावा सारा विदेश में अपने देसी अंदाज में चाका चक गाने पर डांस करती हुई भी नजर आईं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने अपनी सिडनी ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में सारा का एक बार फिर मजेदार अंदाज देखने को मिला। वीडियो की शुरूआत में वह कहती हैं, 'नमस्ते दर्शको'। इसके बाद सारा सिडनी घूमने निकल पड़ीं। वहां उन्होंने देसी लुक भी कैरी किया है। इसके अलावा सारा विदेश में अपने देसी अंदाज में 'चका चक' गाने पर डांस करती हुई भी नजर आईं। सारा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान। स्विम, वर्कआउट। यात्रा करें, अनुभव करें, सुधार करें'।

सारा अली खान को आखिरी बार विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सिंह के साथ गैसलाइट में देखा गया था। सारा अब जल्द ही लक्ष्मण उटेकर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जरा हटके जरा बच के' में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास 'मर्डर मुबारक' भी है।सारा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान। स्विम, वर्कआउट। यात्रा करें, अनुभव करें, सुधार करें। सारा अली खान जल्द ही लक्ष्मण उटेकर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म जरा हटके जरा बच के में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी।

# रहिए ऐसी जगह जहां कोई न हो!

>>व्यंग्य>> डॉ. अरुणा शास्त्री

''उनको देखे से जो आ जाती है चेहरे पे रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है।''

मिजाजपुरसी का प्रचलन शायद ऐसे ही किसी बीमार शायर के इस शेर को सुनकर हुआ होगा, जिसके चेहरे पर मिजाजपुरसी के लिए आई अपनी महबूबा को देखकर रौनक आ गई होगी। पर हर मिजाजपुरसी करने आनेवाले को देखकर हर बीमार के चेहरे पर तो रौनक नहीं आ सकती!

यदि आपको बीमार पड़ने का कोई अनुभव है, तो आपने महसूस किया होगा कि अपनी बीमारी से आप इतना नहीं घबराए होंगे, जितना इन मिजाजपुरसी करनेवालों से घबरा गए होंगे और घबराकर आपके मुँह से बरबस यही निकाला होगा कि, 'भगवान बचाए इन मिजाजपुरसी करनेवालों से।'

मिजाजपुरसी करनेवालों का क्या है। बस उनको आपके बीमार पड़ने की खबर मिलने की देर है कि वे परिवार और मित्रों सहित आपको देखने चले आएँगे। मानो आप बीमार नहीं पड़े हों, बल्कि एक दर्शनीय सामग्री बन गए हों, जिसे देखने हर कोई चला आ रहा हो। आते ही हर आगंतुक एक ही प्रश्न तोप दागता है, ''अब तबीयत कैसी है?''

अब उन्हें क्या बताएँ कि अगर तबीयत अच्छी होती, तो भला बिस्तर पर यों पड़े रहते? पर मन मसोसकर हर मिजाजपुरसी करनेवाले के सामने हर बार अपनी बीमारी का वही रेकॉर्ड नए सिरे से बजाना पड़ता है कि किस तरह बीमार ने दरवाजे पर दस्तक दी, किस तरह झुरझुरी चढ़कर बुखार आया और कितने दिन हो गए बिस्तर पर पड़े हुए आदि-आदि।

इसके बाद उनका दूसरा प्रश्न रहता है कि किस डॉक्टर का इलाज चल रहा है? अब आप जिस किसी भी डॉक्टर का नाम लेंगे, उसके लिए वे यही कहेंगे कि 'अरे, आप भी किस बेकार के डॉक्टर के चक्कर में पड़े हैं, उसके इलाज से आज तक कोई ठीक हुआ है, जो आप होएँगे?' इसके बाद वे अपनी पसंद के डॉक्टरों के नामों की लंबी लिस्ट आपको सुना देंगे।

इतना ही नहीं, यदि आपका एलोपैथिक इलाज चल रहा है, तो वे होमियोपैथी इलाज कराने का सुझाव देंगे और यदि होमियोपैथी इलाज चल रहा है, तो वे आयुर्वेदिक या यूनानी या प्राकृतिक चिकित्सा की सलाह देंगे। आप पशोपेश में पड़े यह समझ ही नहीं पाएँगे कि आप जो इलाज कर रहे हैं, वह सही भी है या नहीं या बिलकुल बेकार है। कहीं आप मौत के मुँह में तो नहीं धकेले जा रहे हैं? क्या मालूम अब बिस्तर से उठना हो या न हो।

ये मिजाजपुरसी करनेवाले इतने पर भी बस नहीं करते। वे मरीज के सिरहाने बैठे चाय की चुस्कियों का आनंद लेते हुए, यह कहकर उसे डराने से भी बाज नहीं आते- ''अरे, जानते हो, सुरेश के साथ भी तो ऐसा ही हुआ था। बिलकुल भला-चंगा था। बस, ऐसे ही उसको भी जोरों से सर में दर्द हुआ, तेजी से बुखार चढ़ा और... और बेचारा दो ही दिन में दुनिया से कूच कर गया। कितना समझाया था उसे, पर वह भी आपकी ही तरह मुहल्ले के डॉक्टर से इलाज करता रहा, ''इस तरह वे दुनिया छोड़कर जानेवाले कितने ही मरीजों के किस्से एक के बाद एक करके सुनाते रहेंगे और ऐसी भयानक केस हिस्ट्री को सुनकर बेचारा मरीज स्वयं भी मौत के पास आते कदमों की आहट सुनने लग जाएगा। इस संदर्भ में एक सज्जन का किस्सा हमेशा याद आता है- उनका एक्सीडेंट हुआ था और उन्हें तीन महीने



तक प्लास्टर में बँधे बिस्तर पर पड़े रहना पड़ा था। लोग इतनी दूर से उन्हें देखने, उनकी मिजाजपुरसी करने आ रहे हैं, यह सोचकर उनकी पत्नी सबका चाय-शरबत और जलपान से स्वागत अवश्य करती। अब हुआ यह कि उनकी पत्नी अतिथियों का स्वागत-सत्कार, घर के काम-काज, बच्चों की सेवा करते हुए स्वयं ही ऐसी बीमार पड़ी कि अगले एक महीने तक वह खुद भी बिस्तर से नहीं उठ सकी। और इन मिजाजपुरसी करनेवालों के स्वागत-सत्कार के कारण घर का बजट गड़बड़ाया सो अलग।

अब समझ में आता है कि गंभीर बीमारियों में डॉक्टर हवा-पानी बदलने की और पहाड़ जाने की सलाह क्यों देते हैं? शायद इसीलिए कि वहाँ कोई अपना न होगा और मिजाजपुरसी के लिए आ न सकेगा, तो रोगी अपने आप ही ठीक हो जाएगा। किसी शायर ने ठीक ही कहा है कि-

रहिए अब ऐसी जगह चलकर जहाँ कोई न हो
नोहाख्वा कोई न हो, और हमनवाँ कोई न हो।

# यूपी में 'तेरा माफिया-मेरा माफिया' पर भिड़े राजनैतिक दलों के आका



अजय कुमार

अपराधियों-आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता है। यह पूरी मानवता के दुश्मन होते हैं। अक्सर ही किसी आतंकवादी या अपराधी के पकड़े या मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यदि कोई अपराधी अथवा आतंकवादी की जाति-धर्म के आधार पर उसके धर्म और कौम पर उंगली उठाता है तो इसका काफी विरोध होता है,लेकिन समय के साथ अब यह बात बेईमानी साबित होने लगी है।अब किसी आतंकवादी-अपराधी के पकड़े या मारे जाने पर उसकी जाति-धर्म देखकर यह तय किया जाता है कि इस पर कितना बोलना है और कितना चुप रहना है। कुल मिलाकर अब अपराधियों और आतंकवादियों की भी धर्म और कौम से जुड़ी एक पहचान बन गई है। इसी लिए जब खूंखार अपराधी विकास दुबे मुठभेड़ में मारा जाता है तो उसकी पहचान को ब्राहमणों से जोड़ दिया जाता है। अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर जब कार्रवाई होती है तो इसे मुसलमानों पर अत्याचार बताकर प्रचारित किया जाता है। इस खेल में सभी राजनैतिक दलों के नेता अपनी सियासी रोटियां सेंकते नजर आते हैं। ऐसी ही ह्यरोटियांह्ल अतीक अहमद के बेटे असद के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद सेंकी जा रही है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बार-बार बता रहे हैं कि योगी सरकार अपराधियों के खिलाफ दोहरा रवैया अख्तियार करती है। ह्यसरकारह्ल अपने स्वजातीय अपराधियों को तो बचाती है अन्य के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करती है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इस एनकाउंटर के बाद ट्वीट करते हुए लिखा है कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। असद सहित हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जाँच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। भाजपा भाईचारे के खिलाफ है।

उधर,बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि प्रयागराज के अतीक अहमद के बेटे व एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेकों प्रकार की चचार्यें गर्म हैं। लोगों को लगता है कि विकास दुबे काण्ड के दोहराए जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है। अतः घटना के पूरे तथ्य व सच्चाई जनता के सामने आ सके इसके लिए उच्च-स्तरीय जाँच जरूरी। एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहाकि बीजेपी महजब के नाम पर एनकाउंटर करती है. कोर्ट और जज किस लिए हैं. अदालतों को बंद कर दो. क्या बीजेपी वाले जुनैद और नासिर के मारने वालों को भी गोली मारेंगे, नहीं क्योंकि मजहब के नाम पर एनकाउंटर करते हैं.

बात यहीं तक सीमित नहीं है। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद की मुठभेड़ में मौत के बाद समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ ने तो एक सूची तक जारी की है। इस सूची के माध्यम से सपा ने योगी सरकार से कई सवाल पूछे हैं। इसमें सवाल करते हुए जानना चाहा है कि क्या ये(सूची में जो नाम शामिल है) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खासमखास हैं? वहीं ये भी आरोप लगाया है कि ये सब अपराधी योगी जी के स्वजातीय हैं।

बता दें समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक ट्वीट में एक लिस्ट जारी करते हुए लिखा है कि ये सब क्या योगी जी के खासमखास हैं?, दरअसल ये सब योगी जी के स्वजातीय हैं। इसीलिए अभी तक बचे भी हुए हैं और अपराध भी कर रहे और गिरोह भी चला रहे और हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, वसूली, रंगदारी कर रहे हैं। ट्वीट में एक नोट जोड़ते हुए कहा है, नोट- लिस्ट पुरानी है, लेकिन इसमें ज्यादातर अपराधी भाजपा समर्थित हैं और सक्रिय हैं। दरअसल, समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने अतीक अहमद के बेटे असद और उसके साथी गुलाम की झांसी में पुलिस मुठभेड़ में मौत के एक दिन बाद यह सूची जारी की है।

आपको बता दें, इस सूची में सबसे ज्यादा अपराध ब्रजेश सिंह पर दिखाया गया है। ब्रजेश सिंह की गिनती पूर्वांचल के बड़े माफिया में होती है। मुख्तार अंसारी से उसकी अदावत तीन दशक से चल रही है। ब्रजेश सिंह की पत्नी अन्नपूर्णा सिंह वाराणसी से बीजेपी के सहयोग से एमएलसी हैं और भतीजा सुशील सिंह चंदौली की सकलडीहा सीट से भाजपा से विधायक है। इस सूची में कुलदीप सिंह सेंगर (उन्नाव, 28 मामले), बृजेश सिंह (वाराणसी, 106 मामले), धनंजय सिंह (जौनपुर, 46 मामले), राजा भैया (रघुराज प्रताप सिंह) (प्रतापगढ़, 31 मामले), उदयभान सिंह (भदोही, 83 मामले), अशोक चंदेल (हमीरपुर, 37 मामले), विनीत सिंह (चंदौसी, 34 मामले), बृजभूषण सिंह (गोंडा, 84 मामले), चुलबुल सिंह (वाराणसी, 53 मामले), सोनू सिंह (सुल्तानपुर, 57 मामले), मोनू सिंह (सुल्तानपुर, 48 मामले), अजय सिंह सिपाही (मिजार्पुर, 81 मामले), पिंटू सिंह (बस्ती, 23 मामले), सन्नी सिंह (देवरिया, 48 मामले), संग्राम सिंह (बिजनौर, 58 मामले), चुन्नू सिंह (महोबा, 42 मामले) और बादशाह सिंह (महोबा, 88 मामले) शामिल हैं।

सपा ने यह भी आरोप लगाया कि 2005 में बहुजन समाज पार्टी के तत्कालीन विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या भी भाजपा के लोगों ने कराई थी। समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक ट्वीट में कहा कि उमेश पाल की हत्या भाजपा के लोगों ने की है। भाजपा को (चल रही) शहरी स्थानीय निकायों में वोटों के ध्रुवीकरण का तत्काल मौका मिल सकता है। इस हत्या के बहाने चुनाव और साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए। लेकिन कोई भी भाजपा नेता, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। एक अन्य ट्वीट में, सपा के मीडिया सेल ने कहा कि कथित मुठभेड़ की एक दिन जांच की जाएगी और सच्चाई सामने आ जाएगी। पार्टी ने पिछले महीने अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी द्वारा लगाए गए आरोप का भी उल्लेख किया कि प्रयागराज की मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने उमेश पाल को मारने की साजिश रची थी।

आरोप के मुताबिक, ऐसा इसलिए किया गया ताकि इस गैंग्स्टर-राजनेता की पत्नी शाइस्ता परवीन अगला मेयर का चुनाव न लड़ सकें। इसके अलावा एक अन्य ट्वीट में सपा ने कहा कि फूलपुर लोकसभा उपचुनाव (2018 में) में अतीक अहमद से योगी आदित्यनाथ बहुत खुश थे। अतीक भाजपा की मदद कर रहे थे और पार्टी उनकी मदद कर रही थी।ट्वीट में कहा गया, कि योगी सरकार के एक मंत्री ने अतीक के परिवार से पैसे उधार लिए और उसे दूर करने के लिए, नंद गोपाल गुप्ता ह्लनंदीह्ल ने उधार के पैसे/साझेदारी को हड़पने के लिए सरकार का सहारा लिया।

गौरतलब है कि 2005 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की हत्या के मामले के मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके दो सुरक्षा गार्ड की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत पर 25 फरवरी को अतीक, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, असद सहित दो बेटों, शूटर गुड्डू मुस्लिम व गुलाम तथा नौ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। दो बदमाशों को पुलिस पहले ही मार चुकी है। अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम को गुरुवार को मार गिराया गया।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 की जांच शुरू**

**बड़कागांव** : बड़कागांव कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 की जांच शुरू कर दी गई है। डॉक्टर बीएन प्रसाद के देख-रेख में आरटीपीसीआर कीट और बीएलएम से जांच किया जा रहा है। जांचकर्ता नसरुद्दीन अंसारी और रंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि महिलाक्ष पुरुष मिलाकर गुरुवार को कुल 26 लोगों की जांच की गई।

## सिटी अपडेट्स >>

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए रवाना हुए हजारीबाग के भाजपा विधायक मनीष जायसवाल,**

**हजारीबाग** : हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा कर्नाटक विधानसभा चुनाव-2023 को लेकर झारखंड के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों को भी चुनाव प्रचार का दायित्व सौंपा गया है। आगामी कुछ दिनों के लिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार हेतु प्रवास पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल भी रहेंगे। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के लिए भाजपा विधायक मनीष जायसवाल शनिवार की देर शाम को अपने विश्वेश्वर दयाल पथ अवस्थित आवासीय परिसर से कर्नाटक के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ विक्ट्री निशान दिखाते हुए यह संकेत दिया की कर्नाटक चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन होगा। कर्नाटक चुनाव में बतौर एक पार्टी कार्यकर्ता उन पर विश्वास जताने के लिए विधायक मनीष जायसवाल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा की कर्नाटक विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस का सफाया होगा। भाजपा कर्नाटक में एक बार फि र अपनी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी और कर्नाटक राज्य में कमल खिलाएगी। विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग वासियों को आश्वस्त करते हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**पैक्स चुनाव ने बढ़ाया पडरिया का पारा, मतदाताओं को अपने पाले में लाने को बेदम प्रत्याशी**

**चौपारण** : चौपारण पडरिया पंचायत में मतदान के जरिये पहली बार पैक्स अध्यक्ष का चुनाव होने जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता साफ देखा जा सकता है। मैदान में 5 उम्मीदवार रामफल सिंह, मंटू सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, मुकेश कुमार व मुकेश कुमार सिंह शामिल हैं। सभी उम्मीदवारों ने लगभग 3 सौ मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुवे कई घोषणाएं कर दी हैं। मतदाताओं ने भी चुप्पी साध कर चुनावी माहौल को और गर्म कर दिया है।

**भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा का किया गया अनावरण**

**हजारीबाग** : हजरीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत बरकन गांगो में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के समीप अंबेडकर विकास समिति बरकनगांगो के तत्वाधान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा का अनावरण धूमधाम से किया गया' इस शुभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री अमित कुमार विधायक जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक- बरकट्ठा आदरणीय श्री जानकी प्रसाद यादव जी,चतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री जनार्दन पासवान जी जिला परिषद सदस्य -बरकट्ठा श्रीमती कुमकुम देवी जी, जिला परिषद सदस्य चंदवारा श्री महादेव राम एवं क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि शामिल हुए माननीय विधायक श्री अमित कुमार यादव ने बाबा साहब के बातों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को भरोसा जताया कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भवन का निर्माण बाबा साहब प्रतिमा के बगल में विधायक मद से बनवाने की की घोषणा करते हुए ग्रामीणों से आग्रह किया कि आप लोग भवन के लिए एक अच्छा सा जमीन उपलब्ध किराने का कार्य करें।

उन्नयन

### एक करोड़ 40 लाख की राशि से बदलेगी स्कूल की तस्वीर

# सदर विधायक ने किया महेशरा स्कूल के उन्नयन कार्य का शिलान्यास

- शिक्षा के मंदिर में बाहरी असामाजिक तत्वों के जमावड़े से लगेगी रोक, स्कूली बच्चे को मिलेगा बेहतर माहौल :मनीष

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, महेशरा परिसर में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएम एटीमद अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय महेश्वरा के उन्नयन कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। उक्त योजना अंतर्गत कुल करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए की राशि से स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल, क्लास रूम, शौचालय, पेयजल सहित अन्य कार्य होना है। ज्ञात हो की इस स्कूल में कुल 270 बच्चे अध्यनरत हैं और महज 4 कमरे से ही यहां विद्यालय का संचालन किया जा रहा था। ऐसे में इस विद्यालय का कायाकल्प होने से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की डीएमएफटी मद से जिले के शिक्षा के मंदिरों का कायाकल्प किया जा रहा है जो बेहद सराहनीय पहल है। जिले के अनेकों स्कूलों में बाउंड्री वॉल नहीं होने से बच्चे असुरक्षित महसूस करते थे और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगता था। ऐसे में स्कूलों का उन्नयन होने से स्कूली बच्चे सुरक्षित होंगे और शिक्षा के मंदिरों में बाहरी असामाजिक तत्वों के जमावड़े में रोक लगेगी। उन्होंने कहा की किसी भी समाज और देश के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। जब तक बच्चे शिक्षित नहीं होंगे हमारा समाज और देश कभी भी विकसित नहीं हो सकता है। मौके पर दारु विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, स्थानीय मुखिया पिंकी देवी, उपमुखिया सुरेश साव,अशोक कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राजन सिन्हा,प्रमोद राम, विकाश यादव, विकाश कुमार विक्की, इंद्रदेव कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, अर्जुन साव, मोहन साव, प्रदीप यादव, उमेश रविदास, नान्दो महतो विद्यालय के प्रधानाध्यापक सैय्यद मंजर हसन, वीना देवी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य कई स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहें।

## लॉ कॉलेज के छात्र अभिषेक रंजन ने पहले बार में किया नेट क्वालिफाइड



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक रंजन ने नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट यूजीसी नेट (लॉ) पहली बार मे पास किया है। लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 जयदीप सन्याल ने अभिषेक रंजन को मुँह मीठा करवा कर उज्वल भविष्य की कामना की है।वही छात्र अभिषेक रंजन ने कहा कि लॉ कॉलेज के शिक्षक डॉ सिद्धांत चंद्रा सर से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला मैं अपनी सफलता के पीछे लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सन्याल सर अपने माता-पिता और मित्रों को धन्यवाद देता हूँ। जिनके चलते आज इस मुकाम तक पहुँच पाया हूँ।वहीं रिसर्च मेथोलॉजि में एक लेक्चर का आयोजन किया गया था। लेक्चर की मुख्य भूमिका में डॉ सुबीर कुमार एसोसिएट प्रोफेसर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी राँची से आकर एलएलएम थर्ड सेमेस्टर के छात्र छात्रों की बीच अपनी बातों को रखा।

### अधिकांश बालू घाट अवैध तरीके से झारखंड में चलाए जा रहे हैं

## सरकार बालू घाटों का नीलामी करा कर बालू के समस्या का समाधान करें: डॉ आरसी प्रसाद

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा डॉ मेहता ने झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री से झारखंड में बालू के जन समस्या को बालू घाटों का नीलामी करा कर जल्द से जल्द समाधान करने अनुरोध किया। श्री मेहता ने कहा कि अधिकांश बालू घाट अवैध तरीके से झारखंड में चलाए जा रहे हैं सरकार के इच्छाशक्ति की कमी के कारण बालू घाट का नीलामी नहीं हो रहा है जिस कारण अवैध तरीके से बालू का परिचालन हो रहा है और अवैध के नाम पर जनता गाड़ी मालिक को का दोहन हो रहा है भ्रष्टाचार हो रहा है जितने तरह के सरकारी और गैर सरकारी काम हो रहे हैं उसमे बालू का उपयोग हो रहा है जिससे सरकार की बदनामी अवैध बालू से हो रहा है अनेको गाड़ियां ट्रैक्टर जो शिष्टाचार के पालन नहीं कर रहे हैं वह जब्ती के बाद सड रहा है नमक आंदोलन से अंग्रेजों का शासन हिला था तो निश्चित रूप से बालू के नीलामी नहीं होना जनता के दिलों को हिला रहा है। संपूर्ण भारत में भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला कर रहा है पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जो जो कहे थे कि ऊपर से जो पैसा आता है घिशते घिशते जमीन पर मात्र 19%पहुंचता है वह आज भी चरितार्थ है ऑनलाइन होने से पूर्व 10 या 20 में जो रसीद करती थी दाखिल खारिज 100 या 200 में हो जाए करता था जिसका आज कम से कम 10000 और ज्यादा से ज्यादा लाखों में जनता को नजराना चुकाना पड़ रहा है। डॉ मेहता ने झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री से झारखंड में बालू के जन समस्या को बालू घाटों का नीलामी करा कर जल्द से जल्द समाधान करने अनुरोध किए।

## रूबेला टीकाकरण कैम्प का निरीक्षण करते बीडीओ एवं सीओ



- आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्कूल में 9 माह से 15 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़** : पीरटांड प्रखंड में शनिवार को मीजिल्स रूबेला टीका करण कैम्प का निरीक्षण करने पहुँचे बीडीओ ओर सीओ।टीकाकरण केम्प का आयोजन प्रखंड के मधुबन स्थित सिंहपुर स्कूल एवं कबरिया बेड़ा स्कूल में किया गया जहां बीडीओ दिनेश कुमार एवं सीओ विनय प्रकाश तिग्गा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने देखा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्कूल में 9 माह से 15 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को मीजिल्स रूबेला टीकाकरण किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बताया कि पूरे जिले में मिजिल्स रुबेला अभियान के तहत टीकाकरण नौ माह से 15 साल तक के सभी बच्चों को स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाया जा रहा है। टीका उन बच्चों को भी लगाया जाएगा, जिन्हें एमआर का टीका लगाया जा चुका है। मीजिल्स रूबैला का टीका सुरक्षित है डरने की बात नही है।इस टिका का 40 वर्षो से इसका उपयोग किया जा रहा है।बताया कि खसरा वायरस जनित जानलेवा रोग है। इसमें बुखार, खांसी, जुकाम, आंखें लाल होना आदि लक्षण दिखते हैं। किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी, तेज बुखार और गर्भावस्था में यह टीका नहीं लगाया जाता है।निरीक्षण के दौरान बीडीओ दिनेश कुमार,सीओ विनय प्रकाश तिग्गा के अलावे सम्बंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## बाबा अंबेडकर की जयंती पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक कुटुमसुकरी रविदास मुहल्ला में भारतीय संविधान के रचयिता, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर सैकड़ों महिला-पुरुष ने बाबा साहेब की पूरे इचाक बाजार में शोभायात्रा निकाला एवं उन्हे शत शत नमन किया गया। पूज्य बाबासाहेब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान हेतु समर्पित कर दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व केशव रविदास एवं सहयोगी वासुदेव कुमार, पप्पू कुमार ,किशुन रविदास ने किया। शोभायात्रा में शामिल पंचायत के मुखिया अशोक कपरदार, आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार, जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार, अजय गोप ,रामवृक्ष रविदास, द्वारिका रविदास, किशोरी रविदास, राजू रविदास, अजय कुमार, नागेश्वर रविदास, धीरेंद्र राम समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

आयोजन

### पर्यावरण प्रदुषण, जंगलों की कटाई, बढ़ते शहरीकरण समेत कई ऐसी वजहें हैं

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वन्य जीवन को लेकर व्याख्यान का आयोजन

- कहा कि पृथ्वी पर सभी जीव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं
- ऐसे में वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में भारत और झारखंड राज्य विशेष में वन्य जीवन को लेकर शनिवार को विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विभावि के जूलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ राजेन्द्र मिस्त्री शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ राजेन्द्र मिस्त्री, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ सीताराम शर्मा के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापिका पंकज प्रज्ञा ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं डॉ सीताराम शर्मा ने विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव को बूके देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ0 सीताराम शर्मा ने वन्य जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर से 2022 में वरीय वैज्ञानिक अवार्ड और महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकुट, मध्यप्रदेश की ओर से 2023 में कांग्रेस ऑफ जूलॉजी अवार्ड से नवाजे गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेन्द्र मिस्त्री ने वन और वन्यजीवन को ही हमारे अस्तित्व का नींव बताते हुए कहा कि पृथ्वी पर सभी जीव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस ओर जागरूकता की भी आवश्यकता है। पर्यावरण प्रदुषण, जंगलों की कटाई, बढ़ते शहरीकरण समेत कई ऐसु वजहें हैं, जो वन्यजीव के विलुप्त होने का कारण बन रहा है, जिसपर जागरूकता के माध्यम से काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने वन्य जीव को लेकर सरकार के कर्तव्य और नागरिकों के कर्तव्य बताए। साथ ही कहा कि सफल जीवन के लिए वन्यजीव का संरक्षण आवश्यक है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल कई ऐसे महत्वपूर्ण विषय हैं, जिसपर चर्चा के साथ साथ जागरूकता जरूरी है। मंच संचालन भूगोल विभाग की सह प्राध्यापिका डॉ पूनम चंद्रा व धन्यवाद ज्ञापन पंकज प्रज्ञा ने किया। मौके पर विभिन्न विभागों के डीन, प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मी समेत बड़ी संख्या में

## न्यूज फटाफट

**संविधान के निमार्ता डॉ0.भीमराव आम्बेडकर की 132वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद**



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संविधान के निमार्ता भारत रत्न डॉ.भीमराव आम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित तथा माल्यार्पण कर उन्हे कांग्रेसियों ने उन्हे याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथी प्रदेश के उपाध्यक्ष भीम कुमार ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दलितों के उद्धारक, भारतीय संविधान के निमार्ताओं में से प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर समाज सुधार और समाज के संगठन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया था। पददलितों को उनके आधिकार का न्याय अधिकार का स्मरण दिलाकर, उनमें आत्मविश्वास भरा। अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा उन्हे दी। देश के नवनिर्माण मे उनके सहयोग की आवश्यकता समाज को समझाई। नई आशा की किरण उन बुझे हुए हृदयों में भरकर, उनके प्रति ध्यान देने के लिए समाज को बाध्य किया। दलितों के उद्धारक होने से, वे पददलितों के लिए साक्षात भगवान का ही प्रतिरूप हो गए। महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि परिश्रम पूर्वक अपनी बौद्धिक क्षमता बढ़ाकर उन्होंने सारी विपरीत स्थितियों मे भी यश प्राप्त कर समाज को नया मार्ग दिखाया। स्वाधीन भारत के विकास हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान में प्रस्तुत कर अपना देशप्रेम व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब अमर रहे के जोरदार नारे लगाए गए। कार्यक्रम में शशि कांत ओझा, अशोक देव उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, राजू चौरसिया, अनिल कुमार उपाध्याय, दिलीप कुमार रवि, जोसपीन कुजूर के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

**बाबासाहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर भारतीय इतिहास के अमर महापुरुष : अंबा प्रसाद**



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के बड़कागांव अंबेडकर चौक, सोनबरसा, सांढ़, चंदौल, मरदुसोती, हरली समेत अनेकों ग्रामों मे बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद इस अवसर पर अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल रही। बड़कागांव अंबेडकर चौक में पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का पारंपरिक रूप से फूल माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। तत्पश्चात प्रखंड क्षेत्र के सोनबरसा, सांढ़, चंदौल, मरदुसोती इत्यादि ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतरत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर भारतीय इतिहास के अमर महापुरुष हैं। बाबासाहेब अंबेडकर ने छूआछूत, भेदभाव, शोषण, सामाजिक अत्याचार से मुक्ति दिलाने की सामाजिक क्रांति के सबसे बड़े स्तंभ हैं। उन्होंने हमारे देश और समाज को भेदभाव रहित और समतामूलक भविष्य दिखाया उससे जो सामाजिक क्रांति आई है वो निश्चित रूप से हमारे देश और समाज में लगातार सुधार लाने का काम करती रहेगी। बाबा साहब के नेतृत्व में बना भारत का संविधान पूरे विश्व में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बाबा साहेब ने भेदभाव, अस्पृश्यता, शोषण के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी है वो हम सबके लिए प्रेरणा श्रोत है।

**अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर व बालू लगा तीन ट्रैक्टर किया जप्त**



**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना अंतर्गत रात्री में एक अवैध कोयला लादा ट्रैक्टर जिसमें करीब तीन टन जप्त किया गया है। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या- 124/23 दिनांक 14/4/23 धारा 411,34 भा. दा. वि. एवं 30 कोल माइंस अधिनियम तथा 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं खदान संचालक के विरुद्ध दर्ज किया गया तथा 3 अवैध बालू लादा ट्रैक्टर पकडा गया है इस सम्बंध में कांड संख्या 42 /23 दिनांक 14/4/23 दर्ज किया गया है तथा अग्रिम कारवाई हेतु अंचल अधिकारी बड़कागांव के द्वारा जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है।

**भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया**



**हजरीबाग** : बड़कागांव प्रखंड के पंचायत सीकरी में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया शपथ दिवस के मौके पर नव युवकों ने शपथ लिया कर बाबा साहब की राह पर चलना है। मुख्य बातो पर मंथन किया गया साभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ावो बल विवह पर रोक शराब का सेवन ना करे मोके पर मजूद बंशी राम, धनेश्वर राम, मुनेश्वर राम, सहादेव राम, अरुण कुमार अम्बेडकर किशुन राम, भोला राम, उपेन्द्र राम, नागो राम, अशोक राम, विनोद राम, फागुन राम, कर्ण राम, संजय राम, भोला राम, पिंटू राम, समीर सागर, गोविंद राम, पप्पू राम, अजय राम, प्रताप राम, अवधेश कुमार, संदीप राम, पंकज कुमार दास, अजय कुमार दास, आशीष कुमार दास, अजीत राम, दिवाकर कुमार, अमर कुमार, शक्ति कुमार, विवेक कुमार, राकेश कुमार, अंशु कुमार, संदीप कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक, अंकित, कशिश, गोलू अन्य लोग शामिल थें।

## प्रदेश >> अपडेट

### कांग्रेस ने किया बाबा साहेब के प्रतिमा का माल्यार्पण

**दुमका :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने नेतृत्व में कार्यकताओं ने डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा माल्यार्पण किया। मौके पर उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी, युगल किशोर सिंह, महासचिव अरविन्द कुमार, संजीत सिंह, शहरोज शेख, सचिव संतोष सिंह, छबी दास, मधु माला, विशेष आमंत्रित सदस्य कृष्णानन्द झा, नगर अध्यक्ष मो अलीइमाम टिंकू, महासचिव दशरथ मंडल,मार्शल मरांडी आदि मौजूद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**दुमका :** सफाई कर्मचारी के सदस्यों ने दुमका नगर परिषद से रैली निकालकर डीसी चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विजय कुमार के अलावे काफी संख्या में सफाई कर्मी शामिल थे वही छात्र चेतना संगठन के सदस्यों के द्वारा डीसी चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर काफी संख्या में छात्र चेतना संगठन के सदस्य शामिल थे।

### दो हजार रुपए के नोट बाजार से हो रहे गायब

**हरिहरगंज/पलामू :** एटीएम में दो हजार रुपये के नोट गायब हो गए हैं। यही कारण है कि एटीएम से अब सिर्फ 100 , 200 और 500 के नोट ही निकलते हैं। बता दें कि साल 2016 में जब केन्द्र सरकार ने नोटबंदी लागू की थी और पांच सौ और एक हजार रुपये के तब के नोटों को चलन से बाहर किया था तब पांच सौ और दो हजार रुपये के नए नोट जारी किए गए थे। जब एक हजार रुपये के नोट को चलन से बाहर किया गया तब दो हजार रुपये का नोट लाने के पीछे क्या लॉजिक था यह आम आदमी को समझ में नहीं आती। कई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि दो हजार के नए नोटों की छपाई न होने की वजह से इसकी कमी हो सकती है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर राजनैतिकसंगठनों किया याद

**दुमका :** भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर उपराजधानी सहित पूरे दुमका जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। शहर में अम्बेडकर चौक पर भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। कई संघ-संगठनों की ओर से रैली और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुमका के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के माल्यार्पण किया। इस अवसर पर दुमका के कई पदाधिकारी शामिल थे। साथ ही दुमका के एसपी अम्बर लकड़ा ने माल्यार्पण किया।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया बाबा साहेब को माल्यार्पण

**दुमका :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीधर दास के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन, पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी, पूर्व जिलाध्यक्ष निवास मंडल, अमिता रक्षित, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल, पिछड़ी जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंटू साह, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बिमल मरांडी, नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा, महामंत्री दीपक स्वर्णकार, अमन राज ,ओम केशरी, बिजय दास, आशीष कर्मदार, मार्शलऋषि राज टुडू, मनीष कुमार, लंबोदर दास, दिपांशु, दीपक सिंह, प्रशांत दास, टिंकू गण, संतोष सोरेन, रवि राउत, रमेश मंडल, सोनी हेम्ब्रम, प्रिया रक्षित, अर्पणा झा मौजूद थे।

## पुरस्कृत

### ऐसे लोगों का गृह जिला में होता है तबादला

# दो साल रिटायरमेंट वाले पुलिसकर्मियों की फाइल लौट गयी

- डीजीपी आर एस भट्टी ने बेहतर कार्य करने वालों का किया पुरस्कृत
- लंबे समय से एक ही रेंज में तैनात 26000 पुलिस कर्मियों तबादला रूका
- 17 सौ पुलिसकर्मी का मेडिकल के आधार पर होना है तबादला

**दीपक नौरंगी**



**पटना:** बिहार डीजीपी आर एस भट्टी ने बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया है। सभी प्रशस्ति पत्र भागलपुर रेंज के डीआईजी के हाथों से दिए जाएंगे। बांका एसपी डॉ सत्य प्रकाश को बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया है। नवगछिया एसपी सुशांत सरोज को दो बड़े मामले में बेहतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया है। भागलपुर के विधि व्यवस्था के डीएसपी डॉ गौरव कुमार को बेहतर कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया है।

एक ही रेंज में 10 वर्ष से अधिक समय से पदस्थापित पुलिसकर्मियों की संख्या करीब 26000 बताई जा रही है। इनलोगों का तबादला क्यों नहीं किया जा रहा है, यह नया सवाल है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक 1700 ऐसे पुलिसकर्मी है जिनका मेडिकल के आधार पर तबादला पुलिस मुख्यालय को बैठक समिति के द्वारा लेना है। ऐसे 17 सौ पुलिसकर्मियों का तबादला जिनका मेडिकल के आधार पर होना है, वह क्यों नहीं हो रहा है। पति पत्नी अलग-अलग जिले में पुलिस विभाग में नौकरी में है तो उनके आवेदन पर पुलिस मुख्यालय के द्वारा सही समय पर लेने क्यों नहीं लिया जा रहा है। तीन सौ पुलिसकर्मियों ऐसे हैं जो पति-पत्नी पुलिस विभाग में अलग-अलग जिले में कार्यरत हैं। उन पुलिसकर्मियों ने आवेदन दिए हैं लेकिन कोई विचार नहीं किया जा रहा है। 1300 ऐसे पुलिसकर्मी है उनका मात्र 2 साल ही पुलिस विभाग में नौकरी का बचा हुआ है वाह रिटायरमेंट के समय अपने गृह जिला ट्रांसफर चाहते हैं। वह फाइल डीजीपी के टेबल से क्यों लौट गई, यह सवाल अनुत्तरित है।

## 13 मई को लगाया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत तैयारी शुरू



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** रांची झालसा के निदेर्शानुसार आगामी 13 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुर के बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण के साथ अधिक संख्या में सुलहनीय वाद को निष्पादन करने समेत, सफल आयोजन करने से संबधित ऐसे कई बिंदु पर चर्चा बैठक में की गई। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के प्रफुल्ल कुमार समेत इंश्योरेंस कंपनी के विद्वान अधिवक्तागण सिद्धार्थ शंकर, संजय कुमार सुमन, उज्वल मुखर्जी एवम मो सकील अहमद उपस्थित रहे।

## पंचायत में लगाया गया चलंत लोक अदालत शाह जागरूकता शिविर



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** झालसा रांची के निदेर्शानुसार आज शनिवार को पाकुड़ प्रखंड के पोचाथोल पंचायत भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के संजीव कुमार मंडल ने बताया कि चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का महत्त्व कानून के प्रति जागरूक कर पीड़ित एवम् योग्य व्यक्ति को निः शुल्क त्वरित न्याय दिलाना है संविधान एक ऐसे समाज की कल्पना करता है, जिसमे सामाजिक, आर्थिक एवं विधिक न्याय सभी व्यक्तियों को समानता के आधार पर उपलब्ध हो सके ताकि लोग सभी क्षेत्रों में अपना हक के प्रति रूचि रखते हुए लाभ ले सके। कानून और संचालित योजनाओ का समाज के योग्य व्यक्ति कैसे लाभ ले सकता है ऐसे बिंदु पर प्रकाश डालते हुए जागरूक की गई।पीएलवी सायेम अली ने डालसा से मिलने वाली कानूनी लाभ की जानकारी दी वहीं पीएलवी याकुब अली ने कहा कि जिला के किसी भी क्षेत्र में कानून या सरकारी योजनाओं से संबंधित कोई मामला हो तो संबन्धित पीएलवी या डालसा पाकुड़ के प्रबंध कार्यालय में आवेदन दे सकते है। मौके पर पंचायत के मुखिया पीटर मुर्मू , मेडिकल टीम के डॉ सुपर्णा साहा ए एन एम प्रगति सिन्हा, रोजगार सेवक समेत पंचायत के ग्रामीण उपस्थित रहें।

## 25 किसानों ने आईसीएआर के संस्थान बिहार में सीखें समेकित कृषि प्रणाली



**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू :** पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के 25 किसान बिहार के मोतिहारी जिले के पिपराकोठी स्थित महात्मा गांधी एकीकृत फार्मिंग रिसर्च संस्थान (आईसीएआर का संस्थान) में समेकित कृषि प्रणाली के गुर सीखे। अंतरराज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर किसान रविवार को पलामू लौटेंगे। आत्मा पलामू की ओर किसानों को टीम लीडर बीटीएम संजय कुमार के नेतृत्व में बिहार भेजा गया था।

संस्थान के निदेशक मंडल से किसानों ने समेकित कृषि प्रणाली की? सीख हासिल की। साथ ही किसानों ने इस पद्धति को अपनाकर अधिक आमदनी करने संबंधी जानकारी प्राप्त की। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को अपने उपलब्ध जमीन के आधार पर समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न मॉडल में से चुनाव कर कोई एक मॉडल अपनाने की सलाह दी। प्रशिक्षण के दौरान तलाब आधारित आईएफएस मॉडल, पशु आधारित आईएफएस मॉडल, आईएफएस मॉडल में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसलों के उत्पादन पैकेज, जलभराव से निपटने के लिए चावल, मछली, बत्तख, आईएफएस मॉडल इत्यादि के बारे में विदेशी पद्धति की जानकारी ली। आत्मा पलामू के किसानों ने संस्थान, अनुसंधान फार्म एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए गए प्रत्यक्षण प्लॉट का भ्रमण भी किया। इस दौरान प्राकृतिक खेती के बारे में भी महत्वपूर्ण सुझाव ग्रहण किये।

## चोरों को बचाने में लगी है केंद्र सरकार : बिट्टू पाठक

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 15 अप्रैल 2023 को 18 वा दिन पलामू जिला के विश्रामपुर विधानसभा के उंटारी प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी सतनारायण तिवारी सत्येंद्र सिंह एवं मुकेश सिंह मौजूद थे ।नुक्कड़ सभा में केंद्र सरकार पर घोटालों एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गया कांग्रेस जनों ने जमकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए भड़ास निकाला लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि वास्तव में केंद्र सरकार चोरों की चौकीदारी कर रही है देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार कर लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से नियमित तौर पर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है केंद्र सरकार देश की संपदा लूटने वाले को संरक्षण दे रही है ।जन जन के नेता हम सभी के नेता आदरणीय राहुल गांधी ने जब सवाल किया सबूत भी दिए लेकिन केंद्र सरकार अपने मित्र को नियम बदल कर लाभ दे रही है और सवालों का जवाब देना मैं नाकाम साबित हुआ है देश की जनता जान चुकी है ।

## मैराथन

### हेमंत सरकार के स्थानीयता नियोजन नीति 60:40 के खिलाफ

# सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो का जामा विधानसभा में मैराथन दौड़

**राष्ट्रीय खबर**



**दुमका:** हेमंत सरकार के स्थानीयता नियोजन नीति 60:40 के खिलाफ सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने शुक्रवार को दुमका के जामा विधानसभा में मैराथन दौड़ लगाया। पूर्व विधायक लकड़जोड़ी मोड़ से महारो तक करीब 21 किलोमीटर तक अपने समर्थकों के संग दौड़ लगाया। इस बावत पूर्व विधायक ने एक बार फिर खतियान आधारित झारखंडी की पहचान का नारा बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री से वर्तमान नियोजन नीति रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि जिसके हाथ में खतियान होगा, वहीं झारखंडी की पहचान होगा। पूर्व विधायक ने बताया कि वर्तमान स्थानीयता नीति के खिलाफ और खतियान आधारित नियोजन नीति के समर्थन में, बेरोजगारों को रोजगार मिले, मान-सम्मान मिले और झारखंड में जीने का हक मिले। इसके लिए सरकार से अपनी व्यथा बताने के लिए मैराथन दौड़ कर सरकार को अपनी दुःख से अवगत कराने का काम करते है। हर विधानसभा में प्रतिदिन 21 किलोमीटर दौड़ मुख्यमंत्री को अवगत कराते है। उन्होंने बताया कि अब तक 13 विधानसभा का दौड़ कर चुके है। राज्य के कुल 81 विधानसभा में दौड़ लगा रहे है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमारी मांगों को विचार करें, अन्यथा खतियानी मुख्यमंत्री के रवैयें पर विचार करेगी। पूर्व विधायक ने बताया कि 129 दिनों का कार्यक्रम है। सिल्ली विधानसभा के 48 पंचायतों का दौड़ लगा चुके है। इसके बाद 49 वें दिन सिल्ली विधानसभा और 50 वें दिन रामगढ़ विधानसभा में दौड़ लगाया है। 63 वां दिन संथाल परगना के जामा विधानसभा में दौड़ लगाया है। शनिवार को शिकारीपाड़ा विधानसभा में दौड़ लगायेंगे। दुमका विधानसभा में 25 अप्रैल को दौड़ लगाया जायेगा। इस तरह सरकार के नियोजन नीति के खिलाफ मांगे पूरी नहीं होने तक राज्य के सभी विधानसभा में दौड़ लगा राज्य सरकार को चेताने का काम करेंगे। गौरतलब हो कि पूर्व विधायक अमित महतो खतियान आधारित स्थानीयता नीति को लेकर झामुमों का विरोध करते हुए अलग होते हुए खतियानी झारखंडी पार्टी का स्थापना कर चुके है।

## न्यूज फटाफट

### अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सेमिनार का आयोजन



**पाकुड़ :** इस कार्यक्रम की शुरूआत देर शाम सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन एवं एसएमपीओ पवन कुमार के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से सूचना भवन सभागार में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर, भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय के जनक पर चर्चा की गई।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार और सामाजिक न्याय के जनक है। इनके विचार न सिर्फ भारत के लिए अपितु संपूर्ण संसार के लिए प्रसांगित है। हम सबों को इनके आदर्शों पर चलकर भारत का भविष्य निर्माण करना चाहिए। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला जनसंपर्क कार्यालय के इकाई लिपिक राजेश कुमार ने की। मौके पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के इकाई लिपिक राजेश कुमार, भूषण कुमार, प्रीतम कुमार, प्रसनजीत कुमार, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बॉडीगार्ड मेहबूब आलम ने अग्नि पीड़ित परिवारों को किया आर्थिक मदद

**पाकुड़ :** गंधाईपुर गाँव मे कुछ दिन पहले आग के चपेट मे लगभग 30 से ज्यादा घर जलकर राख हो गया उन सभी परिवार के, कपड़े, वर्तन, घर का पूरा समान जल गया`उन सभी परिवार को सहायता की अति अवश्यकता है`उसी मनोकामना के साथ मदद के लिए इंसानियत फाउंडेशन के एक्टिव सदस्यों के साथ गंधाईपुर जाकर हालचाल पूछे और सभी परिवार को 1000 रु नगद राशि दिया गया एवं इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा की ईद के पहले हमलोग सुखा राशन देकर मदद पहुंचायेंगे मौके पर मेहबूब आलम, केबलू, सानाउल, फरजन, असिकुल, जियाउल, बानिज शेख मौजूद रहा है।

### संस्थानों में अंबेडकर जयंती पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली सह माल्यार्पण



**पाकुड़ :** जिला सहित सभी प्रखंडों में संचालित आईआईसीटी कंप्यूटर संस्थान के सभी शाखाओं में आज अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं पुष्प गुच्छ अर्पण किए गए मौके पर संस्था के निर्देशक रूपेश कुमार ने बताया कि हमारे संस्था में हर वर्ष अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है एवं संविधान निमार्ता के आदर्शों पर चलने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया जाता है। संस्था के मैनेजर अनुपमा कुमारी है बताया कि जागरूकता रैली से लोगों में कानून व्यवस्था एवं संविधान के प्रति हमारी निष्ठा भाव एवं भरोसा होना चाहिए और सम्मान करना चाहिए। वही शाखाओं के इंचार्ज अपने अपने शाखाओं में पूरी तैयारी कर अंबेडकर जयंती मनाया एवं उनकी जीवनी को बच्चों के सामने रखा वहीं कई छात्र-छात्राओं ने भी अंबेडकर जी की जीवनी पर अपने अपने विचार रखे मौके पर शिक्षक अब्दुल वाहिद, अरशद अंसारी, गौरव कुमार, प्रीति कुमारी, शुभम कुमार गुप्ता, आरजू परवीन, ज्योति कुमारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रमजान के चौथे जुम्मे को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की नमाज अदा

**दुमका :** शुक्रवार को रमजान के पवित्र महीने के चौथे जुम्मे को जामा मस्जिद दुमका में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा किया। चौथे जुम्मा को नवाज अदा करने के लिए मुस्लिम भाईयों की भीड़ मस्जिदों में लगी हुई थी। दुमका शहर के सभी मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा की और अल्ला-ताला से शहर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। चौथे जुम्मे नमाज अदा करने वालों की सबसे अधिक भीड़ जामा मस्जिद के पास लगी हुई थी। जुम्मे का नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम भाई मस्जिदों में निर्धारित समय पर पहुंच गए थे। साथ ही बाजार में ईद की तैयारी भी शुरू हो गयी है। भीषण गर्मी के बावजूद बाजार में लोगों की कपड़े लेने के लिए दुकानों में भीड़ लगने लगी है। शाम में इफ्तारी के पश्चात लोग खरीदारी करते के लिए बाजार पहुंचने लगे है। बाजार में अब सेबेईयां भी दुकानों में सजने लगे है।

### अंबेडकर जयंती पर निकाली बाइक रैली



**हंसडीहा :** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ संपन्न हुई।इस दौरान लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भव्य बाइक रैली बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। सरैयाहाट प्रखंड के बारीडीह गांव से दर्जनों की संख्या में बाईक रैली ने हंसडीहा चौक पहुंचकर चारों प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। उसके बाद रैली वापस बारीडीह गांव पहुंचकर संपन्न हुई। जय भीम के नारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। इस दौरान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय बौद्ध कहा कि भीमराव अंबेडकर जन्म से ही प्रतिभा सम्पन्न थे और वे विश्वस्तर के विधिवेत्ता थे। अंबेडकर एक दलित राजनीतिक नेता और एक समाज पुनरूत्थानवादी होने के साथ-साथ भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे।बाबा साहब के मिशन को पूरा करने के लिए हमलोग जान की बाजी लगा देंगे,और भारत से जातिवाद छुवाछुत को जड़ से मिटा देंगे। इस मौके पर बबनखेता पंचायत के मुखिया विनोद मुर्मू,गंगाराम साह,रामविलास मिर्धा,टिंकू सिंह,श्रवण मंडल, रोशन जायसवाल, तापस मंडल, मनोहर मंडल, किशन सिंह,मंटू सिंह ल,लालधारी मोदी,सनी दास,सचिंदर मिर्धा, परमेश्वर यादव, निरंजन यादव आदि मौजूद थे।

### झामुमो ने किया डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण

**दुमका :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला इकाई ने अंबेडकर चौक में स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर शिकारिपड़ा के विधायक श्री नलिन सोरेन, बार काउंसिल के अध्यक्ष विजय सिंह, नगर प्रभारी रवि यादव, शिवेंदु चक्रवर्ती,रंजीत साह, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सेविला से 2-2 से ड्रॉ खेला



**मैनचेस्टर:** मार्सेल सेबिजर के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड यूरोपा लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम आगे बढ़ा रहा था लेकिन अंतिम क्षणों की चूक के कारण उसे सेविला से क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सेबिजर ने 14वें और 21वें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन टाइरेल मलासिया ने 84वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दिया। इसके बाद हैरी मैग्वायर ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में बराबरी का गोल दागा।क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह स्पेन में खेला जाएगा। इस बीच मैट्स वीफर के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से फेयेनोर्ड ने यूरोपा लीग के पहले चरण के क्वार्टर फाइनल मैच में रोमा को 1-0 से हराया। युवेंटस ने क्वार्टर फाइनल चरण के पहले मैच में डिफेंडर फेडेरिको गट्टी के 73वें मिनट में किए गए गोल से स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से पराजित किया।

### भारतीय पुरुष टीम 2024 एशियाई कप से पहले किंग्स कप और मडेर्का कप में खेलेगी



**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप से शुरू होकर नवंबर और दिसंबर में 2026 विश्व कप क्वालीफायर तक काफी व्यस्त रहेगा। मडेर्का कप इस साल बैंकॉक में वापसी करेगा और साथ ही किंग्स कप भी खेला जायेगा। मलेशिया का टूनार्मेंट मडेर्का कप 1960 से लेकर 1980 के दशक के मध्य तक सीनियर राष्ट्रीय टीम के कैलेंडर में नियमित रूप से शामिल था।एआईएफएफ ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में कई फैसलों में विदेशी खिलाड़ियों को कलकत्ता फुटबॉल लीग (सीएफएल), गोवा लीग जैसे प्रमुख राज्य लीग के साथ आई लीग डिवीजन 2 में भाग लेने से रोकने का भी फैसला किया है। महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। महिला फुटबॉल के लिए अच्छी खबर है क्योंकि भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम वेतन 3.2 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। भारतीय पुरुष टीम अगले साल होने वाले एशियाई कप फाइनल्स की तैयारी कैसे कर रही है, यह सवाल पूछने पर प्रभाकरण ने कहा, हम जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप खेल रहे हैं और उसी महीने सैफ चैंपियनशिप खेल रहे हैं। भारतीय पुरुष इसके बाद बैंकॉक में किंग्स कप और उसके बाद अक्टूबर में मडेर्का कप खेलेगी। नवंबर-दिसंबर में विश्व कप क्वालीफायर है। महासचिव ने कहा कि अगले साल एशियाई कप से पहले एक महीने का शिविर लगाने की योजना है।

**उपलब्धि** केकेआर के खिलाफ शतक जमाकर ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

# आईपीएल 2023 के पहले शतकवीर बने हैरी ब्रूक

- आईपीएल में सवा 13 करोड़ में बिके इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक
- सनराइजर्स कोलकाता नाइट राइडर्स को 23 रन से हराया

एजेंसियां



**कोलकाता :** आईपीएल 2023 के शुरूआती मैचों में बेटपटरी सी दिख रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम की गाड़ी अब पटरी पर लौटती दिख रही है। मुकाबलों में जहां कप्तान एडेन मर्करन का बल्ला चला तो अब हैरी ब्रूक का बल्ला भी अपना जलवा दिखा रहा है। आईपीएल में सवा 13 करोड़ में बिके इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में इस सीजन का पहला शतक जड़कर अपने विरोधियों को परेशान कर दिया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में हैरी के शतक की बदौलत ही सनराइजर्स कोलकाता नाइट राइडर्स को 23 रन से हराकर टूनार्मेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज करने में सफल हुई है।

इस मुकाबले में इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक का बल्ला जमकर चला। उन्होंने महज 15 गेंदों में 100 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसकी बदौलत कोलकाता को 229 रनों का विशाल लक्ष्य दिया गया। इस मुकाबले में हैरी के अलावा कप्तान ऐडन मार्करम के अर्धशतक की मदद से हैदराबाद को शानदार जीत दर्ज करने का मौका मिला है। आलोचकों का मुंह किया बंद मैच के बाद हैरी ब्रूक ने कहा कि ये बेहद खास रात थी और हम जीत भी गए। बीच में थोड़ा तनाव था मगर टी20 में ओपनिंग करना सबसे अच्छा होता है। मैं तो कहीं भी बल्लेबाजी कर-के खुश हूं। पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सफलता मिली है। उस पोजिशन पर भी मैंने अपना काम किया। मेरे चार टेस्ट शतक भी उसी नंबर पर आए है। उन्होंने कहा कि आज की रात अभूतपूर्व है। दबाव रहा मगर मजा भी आया। उन्होंने भारतीय फैंस को लेकर कहा कि सोशल मीडिया पर कई फैंस करेंगे कि अच्छा किया।

### जो होगा सो होगा कि मानसिकता के साथ खेला : ब्रूक



**कोलकाता:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती तीन मैचों में असफल होने के बाद चौथे मैच में विस्फोटक अर्द्धशतक जड़ने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा है कि ह्यजो होगा, सो होगाह्ल की मानसिकता के साथ खेले, जो उनके लिये फायदेमंद रहा। इस साल सनराइजर्स के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे ब्रूक शुरुआती दो मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 13 और तीन रन बना सके थे। तीसरे मैच में उन्हें पारी की शुरुआत करने के लिये भेजा गया लेकिन वहां भी वह 13 रन ही बना सके। टेस्ट क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके ब्रूक को आईपीएल में खराब फॉर्म के लिये सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ा रहा था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध उन्होंने 55 गेंद पर 100 रन की शतकीय पारी खेलकर सभी आलोचकों को शांत कर दिया। ब्रूक ने शुक्रवार को सनराइजर्स की 23 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैं अपने ऊपर अत्यधिक दबाव ले रहा था। अगर आप सोशल मीडिया पर देखेंगे तो लोग आपको उल्टा-सीधा कह रहे हैं जिससे आप अपने ऊपर सवाल उठाने लगते हैं। ब्रूक की शतकीय पारी की मदद से सनराइजर्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 229 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में केकेआर 205 रन ही बना सकी।

## बुमराह ने सर्जरी के बाद रिहैब शुरू किया

एजेंसियां



**मुंबई:** भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड में सफलतापूर्वक कमर की सर्जरी करवाने के बाद बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को बताया कि बुमराह को दर्द से राहत मिल गयी है और विशेषज्ञ डॉक्टर ने उन्हें छह हफ्ते तक रिहैब प्रक्रिया से गुज़रने की सलाह दी है। शाह ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड में अपनी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी की, जो सफल रही और वह दर्द से मुक्त हैं। विशेषज्ञ ने तेज गेंदबाज को सर्जरी के छह सप्ताह बाद अपना रिहैब शुरू करने की सलाह दी और तदनुसार, बुमराह ने शुक्रवार से बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैब प्रबंधन शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बुमराह सितंबर 2022 के अंत से क्रिकेट से दूर रहे हैं। उन्होंने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू शृंखला के जरिये पिच पर वापसी की कोशिश की, लेकिन उनकी पीठ में दर्द के कारण ऐसा नहीं हो सका। वह पिछले महीने पीठ की सर्जरी के लिये न्यूजीलैंड रवाना हुए जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से हटा दिया गया। इसी बीच, बीसीसीआई ने बताया कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अगले हफ्ते अपनी कमर की सर्जरी करवायेंगे। इंग्लैंड में सर्जरी सफल रहने पर अय्यर दो हफ्ते तक डॉक्टर की निगरानी में रहेंगे और उसके बाद रिहैब के लिये बेंगलुरु में एनसीए का रुख करेंगे। पिछले दिसंबर में बंगलादेश दौरे से लौटने के बाद से अय्यर को पीठ के निचले हिस्से में नस दबने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। करीब छह इंजेक्शन लेने के बावजूद अय्यर की परेशानी कम नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने सर्जरी का फैसला लिया।

### दिवाली के आसपास आयोजित हो सकता है डब्ल्यूपीएल 2024

एजेंसियां



**मुंबई:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को अगले साल दिवाली के आसपास आयोजित करने पर विचार कर रहा है। डब्ल्यूपीएल का आयोजन त्योहारों के समय करने से यह टूर्नामेंट भारतीय पुरुष टीम के अंतरराष्ट्रीय मैचों से टकरा सकता है, लेकिन बीसीसीआई का मुख्य लक्ष्य डब्ल्यूपीएल और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच फासला रखना है। इस साल 26 मार्च को डब्ल्यूपीएल समाप्त होने के महज़ पांच दिन बाद 31 मार्च को आईपीएल की शुरुआत हो गयी थी। क्रिकबज़ की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई आईपीएल की तरह डब्ल्यूपीएल में भी 'होम एंड अवे' प्रारूप की शुरुआत करेगा जिसके अनुसार टीमें अपने आधे लीग मैच घरेलू मैदान पर और बाकी लीग मैच विपक्षी टीम के शहर में खेलेंगी। क्रिकबज़ ने जय शाह के हवाले से शुक्रवार को कहा, हम डब्ल्यूपीएल को होम एंड अवे प्रारूप में दिवाली के आसपास आयोजित करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

**बॉक्स ऑफिस पर साउथ की रफ्तार**

# 'दसरा' के बाद 'शाकुंतलम' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु स्टारर शाकुंतलम रिलीज होते ही हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में धमाल मचाती नजर आ रही है। जहां सेलेब्स का फिल्म को जबरदस्त रिव्यू मिला है तो वहीं ऑडियंस भी फिल्म को काफी पसंद कर रही है। इसी बीच शाकुंतलम के पहले दिन की कमाई का आंकड़ा सामने आ गया है, जो फैंस के लिए खुशी वाला है। आइए आपको बताते हैं पहले दिन फिल्म शाकुंतलम ने कितने करोड़ की कमाई की है।सचनिक के अनुसार, समांथा रुथ प्रभु स्टारर शाकुंतलम ने पहले दिन 5 करोड़ की कमाई की है। इसके अलावा शाकुंतलम ने यूएस बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 125 हजार डॉलर की कमाई की है. शाकुंतलम का भले ही ज्यादा प्रमोशन देखने को ना मिला हो। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छी कमाई कर रही है. हालांकि इस वीकेंड पर देखना होगा कि फिल्म कितने करोड़ की कमाई कर लेगी।

साउथ सेलेब्स ने समांथा रुथ प्रभु की फिल्म की काफी तारीफ की थी। वहीं पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन की 6 साल की बेटी अल्लू अरहा ने इस फिल्म में कैमियो किया है, जिसकी तारीफ करते हुए एक्टर ने भी फिल्म की कास्ट की तारीफ के अलावा बेटी के लिए भी दो शब्द लिखे थे, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया है। वहीं सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा बनी हुई है। शाकुंतलम की बात करें तो नीलिमा गुना और दिल राजू द्वारा प्रॉड्यूस की गई फिल्म में समांथ रुथ प्रभु के अलावा एक्टर देव मोहन मेन लीड में नजर आ रहे हैं. जबकि अल्लू अरहा राजकुमार भारत के रोल में अपना डेब्यू करती हुई नजर आ रही हैं।

## कृष 4 की शूटिंग 2024 के बाद शुरू करेंगे राकेश रौशन

एजेंसियां



**मुंबई :** बॉलीवुड फिल्मकार राकेश रौशन का कहना है कि वह अपनी आने वाली फिल्म कृष 4 की शूटिंग वर्ष 2024 के बाद शुरू करेंगे। राकेश रौशन ने अपने पुत्र ऋतिक रौशन को लेकर वर्ष 2003 में सुपरहिट फिल्म कोई मिल गया बनायी थी। इसके बाद राकेश रौशन ने ऋतिक को ही लेकर वर्ष 2006 कोई मिल गया का सीक्वल कृष और वर्ष 2013 में कृष 3 बनायी। 'कृष' फ्रेंचाइजी को खूब पसंद किया गया है। अब फैंस इस फिल्म के चौथे पार्ट यानी 'कृष 4' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राकेश रौशन ने 'कृष 4' पर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि उन्हें फिल्म को बनाने की कोई जल्दी नहीं है।

फिल्म की शूटिंग 2024 के बाद शुरू होगी। फिलहाल, उनकी टीम फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रही है और इसके बाद प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा राकेश रौशन ने कहा, किसी भी फिल्म को बनाने के लिए उन्हें अपना समय चाहिए होता है, वह कृष 4 को पूरा करने में किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं हैं। जिस तरह का 'कृष' का कॉन्सेप्ट है, उस पर शायद ही कभी फिल्म बनी हो। सब्जेक्ट और कहानी की वजह से इसे बनाने में इतना समय लग रहा है।

## गदर 2 से तारा सिंह के लुक में सनी देओल ने शेयर की तस्वीर



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म गदर से तारा सिंह के लुक में अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'गदर 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' की सीक्वल है। 'गदर 2' में सनी देओल और अमीषा पटेल जहां तारा और सकीना के रोल में नजर आएंगे, वहीं उत्कर्ष शर्मा उनके बेटे जीते के रोल में दिखेंगे। फिल्म की कहानी 1954 से 1971 के बीच की कहानी दिखाई जाएगी,जहां से पहला पार्ट खत्म हुआ था। इसी पीरियड में भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध को भी दिखाया जाएगा। सनी देओल ने तारा सिंह के लुक में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है।तस्वीरों में सनी येलो शर्ट और ग्रे कलर की पगड़ी पहने हुए नजर आ रहे हैं। सनी खुद को शीशे में देखकर मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए सनी ने लिखा- 'रिफ्लेक्शन्स'। गौरतलब है कि फिल्म 'गदर 2' का निर्देशन अनिल शर्मा ने किया है। इसमें सनी देओल के अलावा अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा और सिमरत कौर जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को रिलीज हो रही है।

### ईद के मौके पर 21 अप्रैल को रिलीज होगी प्रदीप पांडे चिन्टू और काजल राघवानी की फिल्म 'इश्क'



एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू और अभिनेत्री काजल राघवानी की आने वाली फिल्म 'इश्क' ईद के अवसर पर 21 अप्रैल को रिलीज होगी। साईदीप फिल्मस प्रस्तुत फिल्म इश्क के निर्माता राजकुमार आर पांडेय हैं। फिल्म की कहानी और निर्देशन भी राजकुमार आर पांडेय ने खुद किया है। उन्होंने इस फिल्म को लेकर कहा कि 'इश्क' एक फ्रेश लव स्टोरी है।हमने कहानी में प्रेम और सामाजिक बुनावट में उसकी स्थित को हकीकत का एंगल देते हुए तैयार किया है। हमारी फिल्म की जो कहानी है, वह आम तौर पर हमारे बीच अमूमन देखी जाती है। इस कहनी में जितना प्रेम और इमोशन है, उतना ही एक्शन और थ्रिल भी है। वहीं, फिल्म को लेकर चिंटू ने कहा कि मेरे लिए फिल्म इश्क बेहद महत्वपूर्ण है। हमने इस फिल्म को पूरे शिद्दत से बनाया है। उम्मीद है कि भोजपुरी के हमारे दर्शक इसे पसंद करेंगे। यकीन मानिए, 'इश्क' जो भी एक बार देख लेगा, उससे जरूर भोजपुरी सिनेमा से प्यार हो जाएगा।

## पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

रांचीः राजधानी रांची के लापुंग इलाके में प्रेम प्रसंग में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। मृतक का नाम नामजन बारला था। इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी का नाम अमृत होरो है। बताया जाता है कि अमृत को शक था कि हमारी पत्नी से नामजन बारला से नाजायज संबंध है। इसी शक में नामजन बारला की हत्या कर दी गई थी।

किल्लत

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद लिया एक्शन

# बिजली की किल्लत के बीच जेबीएल ने पावर एक्सचेंज को भेजा 600 मेगावाट डिमांड

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्य में बिजली की किल्लत के कारण लोड शेडिंग की जा रही है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य में 300 से 400 मेगावाट तक बिजली की कमी है। जो गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने से हुई है। ऐसे में जेबीवीएनएल ने सेंट्रल पावर एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली खरीदने की मांग की है। मांग के लिये प्रस्ताव सेंट्रल पावर एक्सचेंज भेज दिया गया है। अधिकारियों की मानें तो पावर एक्सचेंज से आश्वास्त किया गया है कि जैसे-जैसे बिजली की आपूर्ति रहेगी, वैसे ही अतिरिक्त बिजली उपलब्ध करा दी जायेगी। सेंट्रल पावर एक्सचेंज के पास आपूर्ति के लिये बिजली की उपलब्धता जरूरी है।

इस दौरान जेबीवीएनएल ने अतिरिक्त 600 मेगावाट बिजली की मांग की है। जानकारी हो कि शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन ने उर्जा सचिव के साथ बिजली कटौती के संबध में बैठक की थी। जिसके बाद सीएम ने किसी भी हाल में बिजली कटौती नहीं करने का आदेश दिया है। ऐसे में विभाग ने तत्काल पावर एक्सचेंज को बिजली डिमांड लेटर भेजा।राज्य में 2600 मेगावाट बिजली की मांग है। दिन के समय ये मांग 2000 से 2200 मेगावाट रहती है। वहीं, बिजली की उपलब्धता 2200 से 2300 मेगावाट तक है। ऐसे में तीन से चार सौ मेगावाट तक की बिजली की कमी है। वहीं, पीक ऑवर के समय एनर्जी एक्सचेंज से 100 मेगावाट अतिरिक्त बिजली ली जा रही है।

शुक्रवार को सेंट्रल एक्सचेंज से 140 मेगावाट बिजली मिली।

ऐसे में बिजली की कमी के कारण अलग अलग इलाकों में घंटों लोड शेडिंग की जा रही है।राज्य के अपने स्त्रोतों से भी बिजली उत्पादन हो रहा है। यहां टीटीपीएस से लगभग 300 मेगावाट बिजली, सिकिदरी हाईडल पावर प्लांट से 100 मेगावाट, इलैंड पावर से लगभग 50 से 60 मेगावाट उत्पादन किया जाता है। वहीं, सेंट्रल पुल से लगभग 700 मेगावाट बिजली दी जाती है। वहीं, राज्य के सात जिलों में डीवीसी की ओर से बिजली आपूर्ति की जाती है। ऐसे में अतिरिक्त बिजली पावर एक्सचेंज से खरीदकर पूरी की जायेगी।राजधानी रांची के अलग-अलग ग्रिड को देखें तो नामकुम ग्रिड को सामान्य दिनों में 110 मेगावाट तक बिजली मिलती है। जबकि गर्मी के कारण यहां 80 मेगावाट तक ही बिजली मिल रही है।

हटिया ग्रिड को 120 मेगावाट की जगह 90 मेगावाट, कांके ग्रिड को 80 मेगावाट की जगह 50, बुढ़मू ग्रिड को 35 मेगावाट की जगह 18 मेगावाट बिजली मिल रही है।पूर्व में उर्जा सचिव की ओर से इस संबध में आदेश जारी किया गया था। जहां अधिकारियों को आदेश दिया गया था कि बैगर किसी निर्देश के बिजली कटौती न की जायें। बिजली की आपूर्ति सामान्य बनाए रखना है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में कम से कम लोड शेडिंग हो इसका ध्यान रखना है।

## साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग के अलग-अलग खातों से उड़ाए रुपए,जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी रांची में एक बार फिर साइबर अपराधियों ने ठगी को अंजाम दिया है। इस बार एक 66 वर्षीय बुजुर्ग को साइबर अपराधियों ने ठगी का शिकार बनाया है। मामले को लेकर रांची के मोरहाबादी निवासी कन्हैया प्रसाद अग्रवाल ने बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।ः साइबर अपराधी हर दिन अपनी नई-नई चाल और तकनीक से आम लोगों की गाढ़ी कमाई को उड़ा रहे हैं।

ताजा मामला रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के रहने वाले 66 वर्षीय बुजुर्ग कन्हैया प्रसाद अग्रवाल का है। साइबर अपराधियों ने कन्हैया प्रसाद अग्रवाल के खाते से 55,746 रुपए उड़ा लिए। ठगी की जानकारी कन्हैया प्रसाद को तब मिली, जब उन्होंने अपने खाते को अपडेट करवाया। इसके बाद उन्होंने सीधा रांची के बरियातू थाना पहुंच कर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।कन्हैया प्रसाद ने बरियातू थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि वह ओल्ड मार्केट रोड मोरहाबादी में रहते हैं। दो दिन पूर्व उनके मोबाइल पर चेन्नई स्थित इंडियन बैंक से फोन आया। जिसमें उनसे पूछा गया कि उनके खाते से 1700 ट्रांसफर हुए हैं, क्या वो आपने किया है। यह सुनकर कन्हैया प्रसाद हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने खाते से कोई पैसे ट्रांसफर नहीं किए हैं। बैंक के द्वारा उन्हें जानकारी दी गई कि उनके खाते से लगातार पैसे गायब किए जा रहे हैं।

ऐसे में आप तुरंत साइबर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करें। बैंक के द्वारा दिए गए सूचना पर आनन-फानन में कन्हैया प्रसाद में अपने एटीएम सहित तमाम दूसरे बैंकिंग माध्यम को ब्लॉक करवाना शुरू किया, लेकिन इसी बीच उनके खाते थे 10 रुपए ,4990 रुपए, 45400 रुपए, 1000 रुपए, 1100 रुपए और 1700 रुपए की निकासी अलग-अलग तारीख में हो गई। सबसे आश्चर्यजनक बात यह थी कि कन्हैया प्रसाद के पास जितने बैंकों के खाते थे निकासी सबसे हो रही थी।

कन्हैया प्रसाद ने अपने आवेदन में बताया है कि उन्होंने अपने बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक का यूपीआई भी फ्रिज करवा दिया है। कन्हैया प्रसाद को यह समझ में नहीं आया कि आखिर जब उन्होंने अपनी निजी जानकारी बैंक संबंधित किसी से भी साझा नहीं की तब उनके खाते से पैसे कैसे निकल गए। वहीं दूसरी तरफ साइबर पुलिस की सहायता से बरियातू थाना की टीम साइबर अपराधियों के ठगी का ये कौन सा तरीका है यह समझने की कोशिश कर रही है।

## 65.73 प्रतिशत बच्चों का ही खुल पाया बैंक खाता

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का आधार संख्या और बैंक खाता का विवरण ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र के माध्यम से सूचना दे दिया है। उन्होंने कहा है कि आदेश के बावजूद विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का लगभग 72।32 प्रतिशत आधार संख्या और लगभग 65.73 प्रतिशत बैंक खाता का विवरण ही विभाग को उपलब्ध हो पाया है। जबकि, इस कार्य के लिये कक्षावार बच्चों का आधार संख्या एवं बैंक खाता का विवरण अद्यतन करने की सुविधा दी भी दे दी गई है, जिसके माध्यम से शिक्षक अपने विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं का कक्षावार केवल आधार संख्या या बैंक खाता का विवरण अद्यतन अलग से कर सकते हैं।परियोजना निदेशक ने लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य के सरकारी विद्यालयों के सभी प्रकार के शिक्षक ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से तथा गैर शिक्षा कर्मी आधार आधारित उपस्थिति (अएइअर) में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं।

## गर्मी आते ही रांची में जल संकट शुरू,पीने के पानी की समस्या हो रही गंभीर

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** गर्मी का मौसम आते ही राजधानी रांची में जल संकट आम लोगों के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है। राजधानी रांची के विभिन्न वार्डों में लोग सुबह से ही पानी के लिए लंबी लंबी लाइन लगाकर नल के सामने खड़े रहते हैं लेकिन इसके बावजूद भी लोगों को पानी नहीं मिल पाता। अप्रैल महीने में ही रांची के कई मोहल्लों के ग्राउंड वाटर का लेबल काफी नीचे चला गया है। जिस वजह से कई चापाकल और नलों में पानी आना बंद हो गया है।हरमू, विद्या नगर, लोहारा कोचा सहित वार्ड 34 के कई इलाके में पानी की घोर किल्लत है। लोग सुबह से ही पानी के लिए इंतजार करते हैं लेकिन पानी नहीं मिल पाता है।

## दोषी को 10 साल की सजा, 15 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी देना होगा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** दुष्कर्म मामले में दोषी मकरध्वज महतो को कोर्ट ने कड़ी सजा सुनाई है। पोस्को मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में दोषी मकरध्वज महतो को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले को लेकर सिल्ली थाना में कांड संख्या 12/ 2019 दर्ज किया गया था। पूर्व में कोर्ट ने उसे दोषी ठहराया था। मामले के तीन अन्य आरोपी मकर महतो, भगवान महतो और दिनेश चंद्र महतो को कोर्ट ने आरोप मुक्त किया था।

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

PR 295189 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ ही बचाव।
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें